
हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 8 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री


13 छत्तीसगढ़ के युवाओं की प्रतिभाओं का किया सम्मान: पूर्व सीएम भूपेश


13 त्याग, तपस्या, आस्था व खुशहाली का पर्व है तीजा: विधायक ललित





न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-08/09/24


## मौसम की मार : उमसभरी गर्मी से संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा

# दिनभर धूप व बारिश के बाद शाम को ट्विनसिटी में छाया घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सुबह धूप, दोपहर और फिर शाम को हल्की बारिश से ट्विनसिटी का मौसम बदल गया। शाम को शहर में ऐसा घना कोहरा छाया कि जैसे मौसम की विदाई हो गई हो और ठंड की शुरूआत हो रही है। इस बदले रूप की वजह से उमसभरी गर्मी की वापसी हो गई। जिसका असर लोगों के सेहत पर भी दिखाई देने लगा है।



### वातावरण में आर्द्रता पहुंची 87 प्रतिशत

ट्विनसिटी में धूप और बारिश के खेल में वातावरण में आर्द्रता बढ़ा दी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस। इसकी वजह से यहां सुबह साढ़े 8.30 बजे की आर्द्रता 87 प्रतिशत और शाम की आर्द्रता 67 प्रतिशत पहुंच गई। मौसम के इस उतार-चढ़ाव की वजह से भिलाई-दुर्ग के लोगों को भादो के महीने में उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ रही है।

### अस्पतालों में मौसमी बीमारी के मरीज बढ़े

सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में मौसमी बीमारी के मरीज इन दिनों बढ़ गए हैं। सबसे बड़े जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 700 मरीज आ रहे थे। इन दिनों यह संख्या 900 से 1000 तक पहुंच गई है। इसी तरह सिविल अस्पताल सुपेला की रोजाना ओपीडी औसतन 300 की रही है। वर्तमान में यहां 400 से 500 मरीज आ रहे हैं। इसी तरह जिले के 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रोजाना की ओपीडी 100 से 120 है लेकिन इन दिनों यह बढ़कर 150 से भी ज्यादा हा गई है। भिलाई-दुर्ग के हर गली मोहल्ले में निजी क्लीनिक चल रहे हैं। यहां आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा सीजनल बीमारियों से पीड़ित पहुंच रहे हैं।

### भादो में पिछले साल जमकर हुई थी बारिश

भादो में पिछले साल यानी वर्ष 2023 में अच्छी बारिश हुई थी। इस साल पहली बार ऐसा हो रहा है कि सप्ताह बीत गए हैं और भादों में एक भी दिन अच्छी बारिश नहीं हुई। इन दिनों जितनी भी बारिश हुई है वह कुछ देर तक रही। हालात ये हैं कि एक सेक्टर में बारिश होती है तो दूसरा सेक्टर सूखा रहता है। वह भी बमुश्किल से 10 से 15 मिनट तक की बारिश होती है और बंद हो जाती है। यही स्थिति गांव की तरफ भी है। ग्रामीण बताते हैं कि एक गांव में बारिश होती है तो पास के गांव में बूंद नहीं पड़ती।

### 28 मिलीमीटर औसत बारिश हुई है कम

जिले में इस सीजन में अब तक 615.3 मिलीमीटर औसत बारिश हुई है। पिछले साल वर्ष 2023 में 856.3 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी थी। इस हिसाब से वर्तमान तिथि 7 सितंबर 2024 तक 28 मिलीमीटर औसत बारिश कम हुई है।

### 4 दिनों में पहुंचेगा बंगाल की खाड़ी से सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर, अवदाब के रूप में उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल- -उत्तर उड़ीसा और बांग्लादेश तट के पास बनने की संभावना है। उसके बाद इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा झारखंड तथा उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर उसके तीन से चार दिनों में पहुंचने संभावना है।मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर बीकानेर, कोटा, दमोह, पेण्ड्रारोड, पारादीप और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर चिन्हित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। एक द्रोणिका मध्य राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ तक 0.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### मौसम विभाग का अनुमान हो रहा फेल

मौसम विभाग हर दिन बारिश के लायक सिस्टम बनने की जानकारी दे रहा है लेकिन स्थिति यहां उलट है। बादल आते हैं और चले जाते हैं। भादों में आमतौर पर अच्छी बारिश होती है इसलिए जलाशयों से भी खेतों के लिए पानी छोड़ दिया गया है। हाल यह है कि जलाशय का जलभराव लगातार कम होता जा रहा है और वर्षा को नहीं रही। मौसम विभाग ने 8 सितंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है।

## पद्मनाभपुर पुलिस थाना का मामला

# विवाहिता ने की आत्महत्या पड़ोसी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर लिया था। घटना में पुलिस ने पड़ोसी और उसकी मां के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि ठगडा बांध, जोगी नगर दुर्ग निवासी राधा यादव ने प्रताड़ना से तंग आकर घर पर आत्महत्या कर ली थी। पड़ोसी नेमिन और उसकी मां परेनिया यादव द्वारा विवाहिता पर गलत आरोप लगाकर प्रताड़ित किया करते थे। इससे परेशान होकर राधा यादव आत्महत्या कर ली थी। पुलिस में शिकायत के बाद पदमनाभपुर पुलिस जांच में जुट गई।

जांच में यह बात सामने आई कि पड़ोसी नोमिन, परेनिया यादव जबरन विवाहिता पर गलत आरोप लगाकर परेशान किया करती थी। आरोपी के पति, दमाद के साथ संबंध होने का आरोप लगाकर राधा यादव को प्रताड़ित करते थे। इसे लेकर कई बार विवाद भी किया था।

## सुपेला थाना क्षेत्र की है घटना

# दो लाख रुपए के सामान के साथ चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



▪ परिवार वाले गए थे खैरागढ़
▪ सोना चांदी के जेवरात जब्त

सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी कर फरार होने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वार्ड 9 दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर प्रियदर्शिनी स्कूल के पास सुपेला निवासी खेमलाल साहू अपने परिवार के साथ खैरागढ गया था। इस दौरान अज्ञात ने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे गए सोने चांदी का जेवरात लेकर फरार हो गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को जेवरात बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते सुपेला से पकड़ा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सुपेला निवासी कुर्बान अली होना बताया है। खेमलाल साहू के मकान में जेवरात चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 2 लाख 10 हजार रूपये का सामान जब्त किया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मश्रिा, सउनि दिनेश सिंह, आरक्षक रवि कुमार एवं सूर्य प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा। आरोपी को पकड़ने के लिए सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी। कार्रवाई में सुपेला टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### उमरपोटी धनोरा अंडर पास 10 तक बंद

**भिलाई।** रायपुर रेल मंडल के दुर्ग सेक्शन स्थित मरोदा-पाउवारा स्टेशन के मध्य रेलवे लाईन पर डीडी -11 मार्ग पर बने अंडर पास उमरपोटी- धनोरा पहुंच मार्ग से जुड़ा है। अंडर पास क्रमांक 11 दि. 5 से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक बंद रहेगा। सड़क वाहन इस अंडर पास से आवागमन करने के स्थान पर रिसाली- मरोदा की तरफ से समपार फाटक का उपयोग करे। अंडर पास की मरम्मत करना रेल यातायात ,यात्रियों आम जनता की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### तीजा लेने गए भाई के मकान में चोरी

**भिलाई।** अपनी बहन को मकान में ताला जड़कर तीजा लेने गए भाई के मकान का ताला टूटा। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी गायब हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नं. 346 एकता सोसायटी लोहिया रोड कैलाश नगर जामुल निवासी कामदेव सेन हेलथ केयर विभाग में कार्यरत है। बहन को तीजा लेने रायपुर गया हुआ था। घर पर कोई नहीं था पीड़ित की पत्नी भी जामुल मायके गई हुई थी। मकान में ताला जड़ा हुआ था, रापयपुर से सुबह घर पहुचा तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अंदर प्रवेश करने पर आलमारी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर सोने की हार, 2 नग सोने की चुड़ी, नगदी रकम 15 हजार रुपए गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 98 हजार रुपए आंकी गई है।

### अटेन्डेट ने घर से चेन की पार, गिरफ्तार

**भिलाई।** घर के अटेन्डेट ने सोने का चेन चोरी कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बंगलो नंबर 21/01 मोतीलाल नेहरू नगर निवासी विशिष्ट जायसवाल डेयरी फार्म का संचालन करता है। दादा विजय कुमार जायसवाल की तबियत खराब रहने से उनकी देखभाल के लिए अटेन्डेट आनंद शर्मा को रखा गया था। 5 अगस्त से आनंद को काम पर रखा गया था। 19 अगस्त की रात दादा अपनी सोने की चैन बिस्तर पर उतारकर रखे हुए थे। इस दौरान अटेन्डेट आनंद शर्मा दादा विजय जायसवाल के यूरीन की थैली खाली करने गया। तब आनंद ने पुरानी इस्तेमाल 20 वर्ष पुरानी चेन को छिपाकर चोरी कर ली। जिसकी कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है। चेन करीबन 6 से 07 तोला का होगा सूचना डायल-112 को दी गई। अटेन्डेट आनंद शर्मा के पूर्व दूसरे युवक को दादा के देख-रेख के लिए रखा गया था। लेकिन इसके चले जाने के बाद आनंद को नया अटेन्डेट के रूप में काम पर रखा गया। चेन चोरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को ट्रेस कर लिया है।

## विराजे विघ्नहर्ता...



**भिलाई।** हरिभूमि भिलाई कार्यालय में शनिवार को विधि-विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की स्थापना की गई।

# एसपी ने किया पाटन थाने का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

एसपी जितेन्द्र शुक्ला पाटन थाना पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी ने थाने में लंबित अपराध, लंबित मर्ग, गुम इंसान समेत शिकायतों का चेक किया। एसपी ने थानों के सभी स्टाफ से ईमानदारी और कानून के मंशा के अनुरूप कार्य करने निर्देशित किया। इसके अलावा पाटन थाने के मालखाना शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया। थाना परिसर में वातावरण को स्वच्छ रखने निर्देशित किया है। इस दौरान एसडीओपी पाटन आशीष बंछोर, एसपी के साथ पहुचे थे। थाने में प्रभारी अनिल साहू समेत स्टाफ मौजूद था।

### मंत्री साव रिसाली में करेंगे आज भूमिपूजन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड 30 में बने भक्त माता कर्मा चौक का लोकार्पण और विभिन्न विकास कार्य का भूमि पूजन रविवार को दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता दुर्ग सासंद विजय बघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा ,सभापति केशव बंछोर ,एम आई सी अनूप डे,नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू ,सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर आदि मौजूद रहेंगे।

# छात्र से साइकिल व मोबाइल की लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

घर लौट रहे छात्र की साइकिल और मोबाइल लूट कर फरार होने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 के तहत कार्रवाई किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड नं. 20 कंचादूर निवासी संतोष बघेल प्रापर्टी डीलर का काम करता है। पुत्र कुणाल बघेल कक्षा 8 वी बीएनएस हाऊसिंग बोर्ड में पढ़ाई करता है। रोज की भांति घटना की शाम को कुणाल अपनी साइकिल से बीएसपी पंत स्टेडियम में बॉलीवाल खेलने गया था। रात को घर लौटते समय अपनी डोलवेन रेंजर साइकिल से लौट रहा था। जैसे ही कुरूद से कंचादूर जाने वाले मार्ग पर पहुचा अचानक एक बाइक चालक सामने से आया। इसके बाद कुणाल के पीछे पीछे आने लगा और बाइक की हेडलाइट से अपर-डिपर करने लगा। तब दो युवक मोड पर आए और कुणाल को रोक साइकिल व मोबाइल लूटकर फरार हो गए।


पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र उतई में अखबार की प्रति, समाचार एवं विज्ञापन के लिए जिज्ञासा न्यूज एजेंसी (लेखराम सोनवानी)
मो. 9691072365 पर संपर्क करें।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301



दुर्ग शहर का सर्वप्रथम डिजिटल स्क्रीन क्लासेस
द्रोणाचार्य IAS अकादमी
New Batch प्रारंभ
Time - 8:00 am to 10:00 am
5:00 pm to 7:00 pm
CGPSC PRE / MAINS व्यापम

DIRECTOR - GIRISH HARMUKH
8269417977
Our Speciality
• Offline/ Live Online Classes Available • Class Notes + Topic Wise Test Series
• Recorded Video Lecture Available • 1 to 1 Doubt Clear Session
पता – महाराजा चौक, बोरसी रोड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास, दुर्ग (छ.ग.)

# दुर्ग-भिलाई में जल्द ही दौड़ेंगी 50 इलेक्ट्रिक सिटी बसें, 7 करोड़ की मंजूरी

## वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा- तीजा-पोला में बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर जल्द ही 50 नई इलेक्ट्रिक सिटी बसें दौड़ेंगी। इसके लिए 7 करोड़ रूपए की स्वीकृत केंद्र सरकार से मिली है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने इसे तीजा-पोला की बड़ी सौगात कहा है। उन्होंने कहा कि यह सुविधा तिजहारिन माताओं और बहनों को समर्पित है। रिकेश ने कहा कि अगले वर्ष तीज त्यौहारों की तैयारी को लेकर होने वाली मार्केटिंग और अत्यंत कम दर पर मायके आने जाने के लिए ये सिटी बसें उपलब्ध रहेंगी। सुपेला बस स्टैंड पर खड़ी कबाड़ सिटी बसों को लेकर रिकेश ने कहा कि करोड़ों रुपए की इन सिटी बसों को कांग्रेस सरकार ने बर्बाद कर दिया। फिलहाल सिटी बस के बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

**सामान्य बसों से कम प्रदूषण, इसलिए निर्णयः** इलेक्ट्रिक बसें सामान्य बसों की तुलना में कम प्रदूषण फैलाती है। इसलिए इन बसों के परिचालन का निर्णय लिया गया है। छह महीने पहले पूरे देश में इस तरह की बसों के परिचालन का निर्णय लिया गया था। इसमें दुर्ग-भिलाई को भी शामिल किया गया था। अब जाकर इसकी स्वीकृति मिली है।पेट्रोल व डीजल के बढ़ते दाम को देखते हुए इन बसों को काफी किफायती माना जा रहा है।



### विधायक का दावा, उन्होंने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र



रिकेश सेन ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इस विषय को लेकर पत्र लिखा था। इसके बाद 50 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति मिली है। वैशाली नगर के अलग-अलग वार्डों में भी इसका रूट तय होगा। सेन ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसका न्यूनतम किराया तय किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि डी मार्ट के समीप एक चार्जिंग डिपो भी बनेगा। इस प्रोजेक्ट का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। पूरे सेटअप को तैयार करने में लगभग 6 से 8 महीने का समय लगेगा।

## खबर संक्षेप



### अनुपमा विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एमडब्ल्यूआरएम विभाग की महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी को नई दिल्ली में 4 सितंबर को भारतीय स्टील एसोसिएशन के विंग्स ऑफ़ स्टील पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें आईएसए स्टील अवार्ड की जेंडर एंड डायवर्सिटी श्रेणी के अंतर्गत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार नई दिल्ली स्थित द ललित होटल में दिया गया, जहां आईएसए स्टील कॉन्क्लेव के दो दिवसीय 5वें संस्करण का आयोजन किया गया था। यह पुरस्कार 4 सितंबर को इसके उद्घाटन सत्र के दौरान सेल-बीएसपी की अनुपमा कुमारी को प्रदान किया गया। महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी ने आईएसए लिंग विविधता पुरस्कार 2024 जीतकर सेल-बीएसपी का नाम रौशन किया है।

### स्ट्रीट लाइट में लगाए गए बैनर पोस्टर हटाए गए

**भिलाई।** नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक रोड के मध्य स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। जिससे सुंदरता बनी रहती है। शाम के समय जलते हुए लाइट बहुत खूबसूरत दिखते हैं। बिना अनुमति के वहां पर लगाए गए बैनर पोस्टर को निगम के राजस्व अमला द्वारा हटाया गया। गौरतलब है कि सड़क को आकर्षक दिखने के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं बिना अनुमति के रात के समय लाइट के पोल के ऊपर बैनर पोस्टर लगा दिए जाते हैं। जिससे स्ट्रीट लाइट खराब हो जाती है। आने जाने वालों के लिए परेशानी का सब बन जाता है। दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसको देखते हुए सड़कों पर से लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाया जा रहा है। सिंगापुर से आए डॉक्टर बनर्जी ने बताया कि हम दूसरे देश सिंगापुर, मलेशिया, दुबई के साफ सफाई की तारीफ करते हैं। इसके पीछे वहां के नियम कानून का लोगों द्वारा पालन करना होता है। यह नहीं कि कहीं पर भी हम शासकीय व्यवस्था में बाधक बने, जिससे लोगों को परेशानी हो, जिम्मेदारी सबकी है, नगर को स्वच्छ रखने में। बिना अनुमति के कहीं पर भी बैनर पोस्टर लगाना कानूनन अपराध है। इससे लाइट खराब हो जाती हैं।

### अंजोरा से महमरा होकर रसमड़ा जाने वाली सड़क पर हादसा

# चलते ट्रक के ऊपर पेड़ गिरा, सड़क बारह घंटे से ज्यादा समय से जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अंजोरा से महमरा होकर रसमड़ा की तरफ जाने वाली सड़क पर शनिवार की सुबह हादसा हुआ। एक पेड़ अचानक ट्रक के ऊपर गिर गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। जानकारी के मुताबिक रात करीब 10 बजे तक मार्ग से वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो पाई थी। हालांकि दो पहिया और अन्य वाहनों को मार्ग से गुजारा जा रहा था। भारी वाहनों खासकर ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। लोग गणेश प्रतिमाएं लेकर इस मार्ग से गुजरते हैं, इस वजह से मार्ग पर आवागमन अधिक था। बावजूद इसके लोगों को मार्ग से गुजरने नहीं दिया गया। दूसरे रास्ते से उन्होंने आवाजाही की। इस वजह से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।





### सड़क के दोनों तरफ हरे-भरे पेड़, छंटाई नहीं

बता दें कि इस मार्ग पर खपरी से लेकर महमरा के बीच सड़क के दोनों तरफ हरे-भरे पेड़ हैं। इन पेड़ों की वजह से भारी और ओवर लोड वाहनों का मार्ग से गुजरनाा मुश्किल होता है। जबकि औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से अधिकांश वाहन इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। पेड़ों की छंटाई नहीं होने से हर समय वाहनों के इन पेड़ों की टहनियां टकराने का खतरा बना रहता है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। बता दें कि इस मार्ग की देखरेख लोक निर्माण विभाग के जिम्मे हैं।

### जाम न लगे, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती

जानकारी के मुताबिक इस मार्ग पर जाम के हालात न बने, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। बैरिकेडिंग कर दी गई है। ताकि अनावश्यक कोई भी वाहन न गुजारने का प्रयास किए। अधिकारियों ने बताया कि अवकाश का दिन होने की वजह से गिरे हुए पेड़ की छंटाई नहीं हो सकी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है। संभवतः रविवार की सुबह पेड़ की छंटाई की जा जाएगी। साथ ही टहनियों को सड़क से हटाया जाएगा। इसके बाद ही मार्ग से वाहनों का आवागमन शुरू हो सकेगा।

# हिंदी को आत्मसात करें, तभी होगी राजभाषा की सार्थकताः पवन कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- मानव संसाधन विभाग में विभागीय राजभाषा कार्यशाला

बीएसपी इस्पात उत्पादन के साथ देश की कला, संस्कृति, साहित्य और भाषा आदि के उत्तरोत्तर प्रगति के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य करता है। राजभाषा हिंदी की समृद्धि और विकास की दिशा में भी सतत प्रयासरत किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा इस्पात भवन में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पवन कुमार ने राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालयीन कार्यों में इसका अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हम हिंदी को आत्मसात करें। हिंदी का शत-प्रतिशत उपयोग करना शुरू करें, ऑनलाइन नोटशीट भी हिंदी में ही बनाएं। संदीप माथुर ने कार्यशाला को संयंत्र के समग्र निष्पादन के लिए लाभकारी बताया। प्रत्येक तिमाही में कार्यशाला का आयोजन करने की प्रतिबद्धता दोहराई और वॉइस टाइपिंग को कार्यालयीन कार्यों के लिये बहुउपयोगी निरूपित किया।

### मेरा भिलाई कविता पाठ का भी किया गया आयोजन

कार्यशाला में उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने स्वरचित कविता 'मेरा भिलाई' का पाठ किया। इसे समस्त प्रतिभागियों ने भरपूर सराहा। कार्यशाला में सामान्य ज्ञान, पर्यावरण, सुरक्षा एवं पारिभाषिक शब्दावली पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके विजेता इस प्रकार रहे- प्रथम के जोत कुमार उप प्रबंधक, द्वितीय एमवीवी प्रसाद वरिष्ठ प्रबंधक, तृतीय समायला अंसारी उप प्रबंधक। प्रोत्साहन पुरस्कार अनुराधा सिंह महाप्रबंधक, गिरीश कुमार मढ़रिया उप प्रबंधक और राहुल थोटे वरिष्ठ प्रबंधक ने प्राप्त किया। साथ ही हिंदी ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में सौमिक डे, विकास चन्द्रा, के सुपर्णा, राजीव कुमार, कौशल कुमार साहू, नरेन्द्र इंगले एवं प्रियंका मीना विजेता रही।

### वाइस टाइपिंग का भी प्रशिक्षण

महाप्रबंधक सौमिक डे ने ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन किया। विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) राजीव कुमार ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजभाषा अधिकारी व उप प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा) श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी और सभी प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करने की शपथ दिलाई।

# निगम प्रशासन के साथ मिलकर नागरिक करेंगे अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्वच्छता ही सेवा 2024 की शुरूआत निगम प्रशासन और नागरिक मिलकर करेंगे। मैत्रीगार्डन से कल्याणी मंदिर के बीच केनाल को पूर्ण रूप से साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शहर सरकार और क्षेत्रीय विधायक भी शामिल होंगे।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने अभियान को धरातल स्तर पर सफल करने के लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने अलग-अलग दिन चलने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी कर्मचारियों को दिए है। स्वच्छता ही सेवा 2024 राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत रिसाली निगम केनाल सफाई और इसके आस पास बने जी.वी.पी. प्वाइंट को खत्म कर किया जाएगा। आयुक्त ने इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चत करने के निर्देश दिए है। बैठक में उपअभियंता नितिश अमन साहू, जनस्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर, पी.आई.यू. आकाश मिश्रा, विजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

### अभियान की मॉनिटरिंग जिला स्तर पर

खास बात यह है कि अभियान पूरे देश में एक साथ शुरू होगा। अभियान के लिए दिए अलग-अलग बिन्दू की मॉनिटरिंग जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। इस अभियान को सर्वेक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सुपरवाइजर ब्लेक स्पॉट को सूचीबद्ध करेंगे।
आयुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर को निर्देश दिए है कि वे ऐसे स्थान को भी चिन्हित करे जहां सफाई नहीं होती। जगह के कारण सफाई करने में दिक्कत होती है। आयुक्त ने ऐसे स्थान को सूचीबद्ध कर सफाई के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दी है।



## खबर संक्षेप



### सेलूद स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**सेलूद।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला मजार चौक सेलूद के छात्र-छात्राओं ने शाला के शिक्षकों का सम्मान श्रीफल, शाल, पुष्पगुच्छ, मिठाई एवं तिलक लगाकर किया। माधुरी साहू और चेतना साहू ने शाला के प्रधान पाठक नीरा वर्मा एवं वंदना साहू के हाथों में मेहंदी लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शिक्षक दिवस के इस शुभ अवसर पर नीरा वर्मा, जितेन्द्र ठाकुर, देवेन्द्र वर्मा, वंदना साहू ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचार धाराओं और उसके योगदान को शाला के बच्चों के समक्ष रखा गया। इस प्रकार कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

### सांसद के जामगांव प्रवास के दौरान भेंट-मुलाकात



**जामगांव आर।** सांसद विजय बघेल के जामगांव आर प्रवास पर रामजी यादव एवं मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, शाला विकास समिति पूर्व अध्यक्ष मनीष जैन बूथ अध्यक्ष सीताराम साहू युधिष्ठिर चंद्राकर सुरेश जैन ने सौजन्य भेंट की।

## निधन

### नीलमणि चंद्राकर

**पाटन।** ग्राम लोहारसी निवासी



नीलमणि (नीलू) चंद्राकर 56 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया है। वे पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल चंद्राकर के बड़े पुत्र, भाजपा नेता लोकमणि चंद्राकर के बड़े भाई व जिला पंचायत सदस्य हर्ष लोकमानी चंद्राकर के जेठ थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202407104400013
ब-121/ वर्ष 2023-24 ग्राम- सेवती

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक टाकेश सिन्हा पिता स्व. रिखीराम सिन्हा साकिन बिरेझर तहसील बोरी जिला दुर्ग ग्राम सेवती प.ह.नं.-11 राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी में अपने पिता रिखीराम सिन्हा की घटना दिनांक 08.04.2024 को ग्राम सेवती मेनरोड के पास सायकल से नगपुरा बैंक जाते हुए ज्ञात कार वाहन क्रमांक सी.जी. 04/ पी.एन.-1155 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक ठोकर मारकर दुर्घटना कारित कर दिये जाने उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगपुरा में ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के कारण शासन की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि दिलाई जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आर्थिक सहायता प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 09/09/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नायब तहसीलदार
बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)


### रानीतराई में छग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का पूर्व सीएम ने किया शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ के युवाओं की प्रतिभाओं का किया सम्मानः पूर्व सीएम भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

दक्षिणमुखी क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। शुभारंभ के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे।

श्री बघेल ने कहा कि आप सभी के सहयोग से हमने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा की है। हमने युवाओं, महिलाओं, किसान, भूमिहीन मजदूर, आदिवासी सहित प्रत्येक वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य किया। रानीतराई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सिंचाई, स्वास्थ्य, सड़क सहित सभी अधोसरंचना के कार्य निरंतर किए। लेकिन आज वर्तमान सरकार 9 महीने में क्या कर रही है पता ही नहीं चल पा रहा है कि सरकार कौन चला रहा है। राज्यपाल को प्रत्येक जिलों में बैठक आयोजित करना पड़ रहा है। विधायक जिला पंचायत की सदन में बैठ रहे है। रानीतराई अंचल की प्रमुख मांग कॉलेज,आवागमन के लिए चौड़ी सड़कें,स्टेडियम,खारुन नदी से लिफ्ट इरिगेशन से सिंचाई की सुविधा,नहरों का सुदृढ़ीकरण,शमशान घाट पहुंच मार्ग,स्वामी आत्मानंद स्कूल,उपस्वास्थ्य केन्द्र की नई सुसज्जित भवन,सहित कई करोड़ों की स्वीकृत कर क्षेत्र की जनता को समर्पित करने का सौभाग्य मुझे मिला,दिल से आभार व्यक्त करता हूं। जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में खेल के साथ युवाओं को सभी क्षेत्रों में प्रतिभा दिखलानी चाहिए। समारोह को रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री,राजेश ठाकुर अध्यक्ष,भविष्य जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सत्यनारायण टिकरिहा,डॉ. ईश्वर निषाद,नीलकंठ शुक्ला, केजू निषाद,भोज रघुवंशी,नारद साहू,भेद वर्मा,दयालु साहू,रामकृष्ण साहू,संजय साहू,कोमल देवांगन,अनिल साहू, विष्णु वर्मा, पीआर विनायक, सीताराम ठाकुर, यादव राम सेन, सुमित विश्वकर्मा,प रेमप्रकाश पांडे,आयुष टिकरिहा, सागर सिन्हा, लक्की सिन्हा, केदार वर्मा,ललित ग्रहण, मल्लू कश्यप,भूपेश ठाकुर,निखिल साहू, हरिश्चंद्र वर्मा,राजा ठाकुर, अलीम खान, युवराज साहू,देवव्रत साहू,युवराज निर्मल, भविष्यकांत,सुलेंद्र यादव,पुकेश यादव, सानू यादव, बंटी, सोनू, कुंदन विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।



## दिग्विजय कॉलेज में एनसीसी रैंक सेरेमनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेखा प्रसाद उर्वशा के निर्देशन में महाविद्यालय की एनसीसी आर्मी इकाई द्वारा रैंक सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें कैडेट्स को एनसीसी संचालित करने विभिन्न रैंक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर समेत डॉ. किरण लता दामले, दीपक परगानिहा, डॉ. पीबी टॉक, हीरेंद्र बहादुर ठाकुर उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने बताया कि रैंक सेरेमनी में सिर्फ रैंक नहीं दिया जा रहा है, बल्कि इसके साथ-साथ जिम्मेदारी भी दिया जा रहा है। जिसका पूर्ण ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा पालन करेंगे, तब कहीं जाकर इस रैंक सेरेमनी का उद्देश्य पूर्ण हो पाएगा। इस रैंक सेरेमनी में सीनियर अंडर ऑफिसर, जूनियर अंडर ऑफिसर, सीपीएल जैसे विभिन्न रैंक कार्यकुशलता एवं दक्षता को परखकर दिया जा रहा है। जिसके निर्वहन से महाविद्यालय की एनसीसी इकाई बटालियन में एक उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर सकता है।

पूर्व एनसीसी अधिकारी एवं मेजर डॉ. किरण लता दामले ने उद्बोधन में कैडेट्स को अपने एनसीसी में मेजर तक के सफर एवं एनसीसी में अपने कार्य अनुभव को साझा करते कैडेट्स को मार्गदर्शन देते प्रेरित किया।

## त्याग, तपस्या, आस्था व खुशहाली का पर्व है तीजः विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ तीजा पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद व विधायक

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मरोदा टैंक रिसाली में मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति के द्वारा आयोजित तीजा में तीजहारीन बहनों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। साड़ी भेंटकर उनका सम्मान किया। साथ ही पारंपरिक खेल का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष व समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, रजनी रजक, अभिनेत्री उपासना वैष्णव, संगीता रजक,पार्षद विधि यादव, प्रमुख सलाहकार अरुण वर्मा, तेजराम साहू, उपाध्यक्ष रमेश वर्मा ,सचिव चोवाराम निषाद ,संभु पटेल, विमल मानिकपुरी, माधव, मुक्तार यादव, पूनम सपहा, मुकेश यादव, प्रमोद साहू, शंकर यादव, मनोज साहू, राजू जंघेल, कोमल राधे, सितारा देवी विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भिलाई निगम ने जारी की गाइड लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई ने गणेशोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए समितियों को दिशानिर्देश जारी किए हैं। गणेश पूजा का उत्सव हर्षोल्लास से मनाई जाए इसके लिए सावधानी और सतर्कता जरूरी है। पूरे क्षेत्र में जगह-जगह पर गणेश पूजा के पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसलिए निगम प्रशासन ने 17 बिंदुओं पर गणेशोत्सव समितियों को दिशा निर्देश भेजे हैं। उपरोक्त सभी प्रकार के दिशा निर्देशों का पालन करना प्रत्येक पंडाल में आयोजन कर्ता की जिम्मेदारी होगी। दिशा निर्देश का पत्र पंडाल के आयोजकों को दिया गया है। दुर्ग सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, मेयर नीरज पाल सावधानीपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की है।

■ गणेश पंडालों के लिए 17 बिंदुओं में जारी हुए निर्देश

### आयोजकों को इन बातों का रखना है ध्यान

- पंडाल निर्माण करते समय किसी भी प्रकार की सड़क पर मार्ग बाधित नहीं होना चाहिए।
- यातायात के नियमों का पालन होना चाहिए।
- पार्किंग व्यवस्था स्वयं के द्वारा की जावे, सड़कों पर गाड़ियां ना खड़ी हो।
- लाइट की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।
- किसी प्रकार का भी सड़क पर निर्माण ना हो।
- अनुमति झूला या या मेला के लिए नहीं है।
- स्थानीय वहां के स्वरूप में परिवर्तन नहीं होना चाहिए।
- कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार का अश्लीलता या फुहड़पन का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए।
- कार्यक्रम का आयोजन स्कूल एवं अस्पताल से 200 मीटर दूरी पर होना चाहिए।
- पंडाल में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए आने और जाने का पृथक पृथक रास्ता होना चाहिए।
- कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्र या बाल्टी में रेत भरकर रखना अनिवार्य होगा।
- डीजे या साउंड सिस्टम के लिए अलग से अनुज्ञप्ति अधिकारी से अनुमति लेना होगा।
- सर्वोच्च न्यायालय की निर्देशों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तार के यंत्र धीमे सर में बजाना होगा।
- एनजीटी से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार रात्रि 10 बजे से सुबह 6 तक ध्वनि विस्तारक यंत्र या डीजे नहीं बजाना होगा।

## कामधेनु यूनिवर्सिटी में मुर्गी पालन प्रबंधन पर 25 से 27 तक ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत वेटनरी कॉलेज अंजोरा में मुर्गी पालक किसानों एवं उद्यमियों की विशेष मांग पर मुर्गी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में 25 से 27 सितंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुर्गी पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे छत्तीसगढ़ में मुर्गी पालन की संभावनाएं, छत्तीसगढ़ की जलवायु के लिए उपयुक्त नस्ले, उनके आवास एवं सामान्य प्रबंधन, कुक्कुट आहार का प्रबंधन, मुर्गियों में रोग प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार, मुर्गियों में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, कम लागत में मुर्गी घर का निर्माण, उनकी प्रजनन व्यवस्था, ब्रूडिंग, चूजा, ग्रोवर एवं लेयर पालन एवं प्रबंधन, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार द्वारा मुर्गी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाऐं जैसे नेशनल लाइव स्टॉक मिशन (एनएलएम) एवं नाबार्ड पोषित योजनाएं, आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया इत्यादि पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा सारगर्भित व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 50 प्रतिभागियों का पंजीयन होना है।आवासीय प्रतिभागियों से 4000 रुपए एवं गैर-आवासीय प्रतिभागियों से 3000 रूपए पंजीयन शुल्क लिया जाएगा।

### भाजपा दक्षिण पाटन मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान का उद्घाटन

# भाजपा की शक्ति के साथ अपनी शक्ति बढ़ाएंः प्रीतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

भाजपा दक्षिण पाटन मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान का उदघाटन जैन भवन जामगांव आर में हुआ। मुख्यातिथि जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि दक्षिण मंडल पाटन प्रभारी रोहित साहू, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश बंछोर, महामंत्री हर्षा चंद्राकर, मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी अंगेश्वर साहू, सदस्य शैलेंद्र मांडवी, कमलेश साहू थे। उद्घाटन समारोह में खासतौर पर वरिष्ठ भाजपा नेता धनराज साहू, नरेश केला, निर्मल जैन, भगवान चंद्राकर, दानीराम वर्मा, मेघनाथ सागरवांशी, सीताराम साहू उपस्थित थे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने दिया।



### भाजपा विचारधारा पसंद करने वाल कोई भी बन सकता है सदस्य

मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी हर्षा चंद्राकर ने कहा कि जो भाजपा की जनहित कार्यशैली से प्रभावित है वे हर आदमी भाजपा का सदस्यता ग्रहण कर सकते है। चाहे अभी वे किसी भी पार्टी दल में है इतना सुनहरा अवसर को नहीं खोना चाहिए। 50 सदस्य बनाने वाले सक्रिय सदस्य होंगे। जो भाजपा के विचार धारा को पसंद करते है उन्हे अविलंब सदस्यता ग्रहण कर लेना चाहिए। संचालन मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, आभार महामंत्री राजेश बंछोर ने किया।

### संगठन में होती है शक्ति

मुख्यातिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है। भाजपा का सदस्यता अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भाजपा की शक्ति को बढ़ाने के लिए सुंदर अवसर है। उन्होंने कहा कि घिनौनी मानसिकता वालों को परास्त करने संगठन की शक्ति ही काम आएंगी। लेकिन ध्यान रखे हमे शक्ति का अन्यो की तरह दुरूपयोग नहीं करना है। भाजपा सदैव संगठन शक्ति का उपयोग जन हित में करती है। विरोधी मानसिकता वालों से बचने और सही लोगों को बचाने के काम में करती है।

### जनहित की आवाज हो सके बुलंद

मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान ऐसा चलाए कि पंच से लेकर संसद तक समवेत स्वर में जनहित की आवाज बुलंद हो सके आम जनता की सेवा बेरोकटोक कर सके। विगत दिनों जनता की सेवा करने में उत्पन्न रोड़े से सब परिचित है ऐसा रोड़ा सपने में भी पैदा न हो ऐसा सदस्यता अभियान चलाने कार्यकर्ता सजगता पूर्वक तैयार हो जाए।

## अंचल की खबरें

### विधायक ने दी महिलाओं को तीज की बधाई



**उतई।** गणेश चतुर्थी व तीजा त्यौहार के उपलक्ष्य में नवजागरण गणेश उत्सव समिति उतई डूमरडीह में फुलेरा दर्शन एवं रात्रि कालीन आकर्षक मोर मयारू मानस मंडली ग्राम गुदगुदा जिला धमतरी की प्रस्तुति में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर शामिल हुए। उन्होंने तीजहारिन बहनों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महामंत्री सोनू राजपूत, रूपेश पारख, सतीश पारख, सुरेंद्र वर्मा, मोहन साहू, लक्ष्मण वर्मा, गजेंद्र वर्मा, गजेंद्र चक्रधारी, हरीश यादव, लेखराम सोनवानी, चित्रकान्त यादव, रोहित यादव, बंटी,कृष्णकांत यादव, रविकांत यादव,ओम चक्रधारी, अमित यादव उपस्थित थे।

### हाईस्कूल सुरपा में शाला प्रबंध समिति का गठन

**जामगांव आर।** महंत पोसुदास शासकीय हाईस्कूल सुरपा के नवनियुक्त





अध्यक्ष प्रमोद जैन ने शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया। अध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव व कोषाध्यक्ष प्राचार्य आरके वर्मा, सांसद प्रतिनिधि देवानन्द देवांगन, विधायक प्रतिनिधि रूपचंद देवांगन, सरपंच रेखा बाई साहू, सदस्य सती बाई देवांगन, कृष्णा मार्कण्डेय, प्रेमलता बघेल, डोमन धर्मगुड़ी, डाकेश्वर देवांगन, गिरधर धर्मगुड़ी, लोकेश्वर निर्मलकर, चंद्रहास मौर्या, किशन कौशिक, समुंद साहू, किशोर यादव, भागवत साहू, सरोज साहू, कवल साहू, खुमान साहू, भूषण साहू, टेमन साहू, सरोज देवांगन, सरिता झा, बबीता सोनवंशी व रविंद्र समिति में शामिल किए गए।

### फेवर ब्लॉक व सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन




**उतई।** वार्ड-14 हाथखोज पारा उतई में स्थित कर्मा भवन में पार्षद निधि से लगने वाले फेवर ब्लॉक सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पार्षद तोशन साहू, प्रहलाद वर्मा, राकेश साहू, वीरेंद्र गोस्वामी, पूर्व एल्डरमैन प्रेमनारायण साहू, नरेंद्र साहू, खुबीराम साहू, किशोर साहू, सुमन साहू, हिमाचल साहू, बहादुर सिंह नेताम, भावेश साहू, घनश्याम साहू, गिरीश साहू, सुभाष साहू, द्वारिका साहू, कुंदन साहू, दीपज्योति साहू, ऋषि साहू, चुन्नीलाल साहू, ठेकेदार एसके सिंह, देवेंद्र राजपूत उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य व जागरुकता शिविर का आयोजन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शासकीय आयुर्वेद औषधालय अण्डा में संचनालय आयुष रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम सरपंच उमादेवी चंद्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, सेवानिवृत शिक्षक डीपी चंद्राकर द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर आयुर्वेद की उपयोगिता पर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. समलित ठाकुर, डॉ. मणिंद्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ. जितेन्द्र कामडे, नेत्र सहायक अधिकारी अमित देवांगन, लेब टेक्नीशियन गोविन्द साहू, एएनएम मुकेश साहू फार्मासिस्ट , मणिराम सिन्हा, खिलेश देशमुख , महेश बंजारे , औषधालय सेवक प्रकाश राजपूत एवं सचिन शर्मा ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में 102 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें 53 महिला व 49 पुरुष शामिल हुए।

### भाजपा कुम्हारी मंडल का सदस्यता महाअभियान



**कुम्हारी।** भाजपा द्वारा सदस्यता महाअभियान चलाने के लिए कुम्हारी मंडल की वार्ड-15 सांसद कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश महिला मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य निर्मला यादव , जिला किसान मोर्चा महामंत्री योगेश साहू , मंडल अध्यक्ष राजू निषाद , सदस्यता अभियान मंडल संयोजक मिथिलेश यादव , वार्ड 15 पार्षद रागिनी निषाद उपस्थित थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने की। मुख्य वक्ता यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री की लोकप्रियता को देखते हुए कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनमानस भी भाजपा की सदस्यता लेने के लिए आतुर है। वर्तमान समय में यह कार्यक्रम पूरी तरह से डिजिटल है। डाटा एक स्थान पर केंद्रित किया जा सकता है। पहला चरण 1 से 25 सितंबर तक चलेगा। मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने कहा कि सभी कर्मठ कार्यकर्ता निश्चित रूप से पार्टी के निर्देशानुसार चलकर सभी 29 बूथों के लक्ष्य को तय समय से पहले कर देंगे। योगेश साहू ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में घर- घर जाकर नए सदस्य बनाएं। मंडल संयोजक सदस्यता अभियान के मिथिलेश यादव ने कहा कि कुम्हारी मंडल को 5800 नये सदस्य जोड़ने का लक्ष्य मिला है। कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने किया। समापन मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिन्हा ने किया। इस अवसर पर रमन, रामाधार शर्मा, राजमहंत पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, पार्षद विनोद बंजारे, मंडल कोषाध्यक्ष आलोक दुबे, मंडल उपाध्यक्ष दीपक चतुर्वेदी, पन्नालाल साहू ,छबी कुमार यादव, फिंगेश्वर साहू, आशीष शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि सेजस स्कूल सुजीत यादव, सौरभ पाण्डेय,मोहित पटेल, पुणेन्द्र पंथ, बाले जगत, मनहरण साहू, वीरू सिंह, अजय कुर्रे, दिलेश्वर मार्कंडेय, सुनील सिंह, पूजा साहू, योगेश्वरी ध्रुव, उषा पांडे, मधु चक्रधारी, पप्पू साहू एवं सुखलाल यादव आदि उपस्थित थे।

# हाथकरघा विभाग को लगी नजर, नई पीढ़ी की अनदेखी से योजना का बंटाधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

छग राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मार्यादित रायपुर द्वारा संचालित हाथकरघा का कार्य लगभग विलुप्त होने के कगार पर है। बीते कई सालों से इस कार्य में हाथकरघा के जरिए लालन-पालन करने वाले बुनकर सहकारी समितियां हितग्राही अब बुजूर्ग हो गए है, वही नई पीढियों द्वारा हाथकरघा के कार्य से दूरी बना लिए है। ऐसे में यह पारंपरिक कार्य समाप्ति के कगार पर है।

छग के हाथकरघा की कारीगरी महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में लोहा मनवा चुकी है। लेकिन धीरे-धीरे आधुनिकता के प्रभाव ने पुरानी पध्दति को ही समाप्त कर दिया है। बाजार में हाथकरघा की डिमांड कम हो गई है, लोग रेडीमेंट कपडों की ओर बढ गए है। हांलाकि सरकारी स्कूलो में गणवेश का कार्य हाथकरघा की बुनकर समितियों द्वारा बुने गए कपडों का उपयोग हो रहा है। जानकारी अनुसार हाथकरघा विभाग द्वारा दुर्ग और बेमेतरा में संचालित समितियों का भौतिक सत्यापन किया था। इस दौरान कई जगह समितियां बन पाई गई है। जिसमें कई समितियों से संपर्क नही हो पाया, वही कुछ समितियों के लोग इस कार्य में रूचि नही ले रहे है। वही जो सदस्य थे, वही बुजूर्ग हो गए और नई पीढी रूचि नही दिखा रही है।

## हाथकरघा के कार्य से महिलाओं को मिलता है रोजगार, जिले में रह गई अब गिनी-चुनी बुनकर समितियां

### भौतिक सत्यापन में ऐसी स्थिति

हाथकरघा विभाग दुर्ग द्वारा विगत दिनों लक्ष्य महिला बुनकर सहकारी समिति दुर्ग में पाया गया कि, पंजीकृत पते पर संस्था उपलब्ध नही है और अध्यक्ष से भी संपर्क नही हो रहा है। वही अन्नपूर्णा बुनकर सहकारी समिति धनोरा में संस्था स्तर पर उत्पादन कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रयास किये जाने की बात सामने आई है। वहीं कुटुम्बी बुनकर सहकारी समिति चरोढा में संस्था के बुनकर कार्य करने के इच्छुक नही है एवं क्षेत्र के आसपास कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही मिले। श्री विद्यासागर जी बुनकर सह समिति में संस्था स्तर पर उत्पादन कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रयास की बात सामने आई। प्राथमिक बुनकर सह समिति बोरी में सभी सदस्य बुजर्ग हो गये है। कई सदस्यों की मृत्यु हो गई है। क्षेत्र के आसपास कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही है। पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।



### बेमेतरा में सदस्य नहीं रहे

इसके आलावा बेमेतरा जिले में प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति कुसमी सभी सदस्य बुजर्ग हो गये है। कई सदस्यों की मृत्यु हो गई है। क्षेत्र में कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही है। विशाल बुनकर सहकारी समिति नवागढ और आदर्श बुनकर समिति टेमरी में भी सभी सदस्य बुजर्ग हो गये है। कई सदस्यों की मृत्यु हो गई है। क्षेत्र में कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही है।

### अभी हो रहे हाथकरघा के कार्य

जानकारी अनुसार विभाग की माने तो दुर्ग जिला बुनकर मर्यादित समिति दुर्ग, महिला हाथकरघा दुर्ग, महामाया समिति पाटन, नागेश्वरी समिति नगपुरा, जय चंडी समिति असोगा, शिवांशी समिति बघेरा, आशादीप बुनकर समिति भिलाई, आस्था बुनकर समिति पाटन और मां बमलेश्वरी समिति रेवेलीडीह, महात्मा गांधी समिति अहिवारा और जय चंडी समिति विनायकपुर में हाथकरघा स्थापित किए गए है। जबकि यहां भी जितने केन्द्र स्थापित किए गए है, वहां सभी संचालित नही पाए गए है।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नति से भरा जाएगा कार्यकर्ता का पद

दुर्ग। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 आंगनबाड़ी केन्द्र सुन्दर नगर 01 के रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पूर्ति हेतु 17 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई थी। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 01 के अनुसार उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदोन्नति से भरा जाना है। अतएव इस संबंध में पूर्व जारी विज्ञप्ति निरस्त कर दी गई है।

### दावा आपत्ति 13 तक

दुर्ग। दुर्ग-शहरी द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी द्वारा 23 जुलाई से 6 अगस्त तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 2 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी कर निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अनुमोदित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग.शहरी एवं नगर पालिक निगम दुर्ग के कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है। वरीयता, प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो 4 से 13 सितम्बर तक कर सकते हैं।

## योजना : टारगेट नहीं मिलने से प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी अटकी

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रोजगार योजना के लिए नहीं मिले टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला उद्योग विभाग के अधीन संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए अब तक ऋण वितरण के लिए टारगेट नही मिलने के कारण अफसरों के भी कान खडे हो गए है। वित्तिय वर्ष के छः माह बीतने को हैं, लेकिन अब तक टारगेट नही मिलने के कारण युवाओं को लोन प्रकरण में मिलने वाले सब्सिडी को लेकर संशय की स्थिति निर्मित है। हालात यह हैं कि, युवाओं की अर्जी आने के बाद भी विभाग इसे बैंक को नही भेज पा रही है, वही प्रचार-प्रसार का भी अभाव है।

मिली जानकारी अनुसार हर साल इन दोनो योजनाओं के लेकर सैकडों युवा आवेदन करते है। युवाओं को छोटे व्यापार लगाने के लिए इस योजना में आसानी से लोन मिल जाता है। आवेदन आने के बाद विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रकरण बैंको को भेजा जाता है। जहां बैंक तय मापदंडों के अनुसार व्यापार और उद्योग के लिए लोन उपलब्ध कराती है। लेकिन बार केन्द्र और राज्य दोनो योजनाओं के लिए टारगेट अब तक जारी नही किए गए है। जिसे लेकर विभाग के अफसर भी चिंता में है। इसके लिए बकायदा विभाग द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। लेकिन इस बार विभाग की भी उदासीनता सामने आ रही है।

### खास बातें

- विभाग की योजना से युवाओं को मिलता है रोजगार
- योजना के तहत मिलती है सब्सिडी की राशि

### छः माह गुजरने के बाद भी इंतजार




### पिछले साल डेढ सौ हितग्राही हुए लाभान्वित

जानकारी अनुसार जिले में पिछले साल प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा बैंक को 412 प्रकरण भेजे गए थे। जिसमें से बैंक ने 164 प्रकरण स्वीकृति किए थे। इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत बैंक को 98 प्रकरण भेजे गए थे, जिसमें 38 प्रकरण स्वीकृत किए गए थे। इन दोनो योजना के आलावा विभाग प्रधानमंत्री फार्मलाइजेशन आफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राईजेस (पीएमएफएमई) योजना संचालित करती है। पिछले साल इसमें 104 में 42 हितग्राही लाभान्वित हुए थे। लेकिन इस साल इस योजना के लिए टारगेट नही आए है।

### 25 लाख तक मिलता है पीएम सृजन में लोन

प्रधानमत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने, स्वयं के उद्योग, सेवा उद्यम स्थापना के अवसर प्रदान करने केन्द्र सरकार प्रवर्तित योजना संचालित की जा रही है। जिसमें अधिकतम ऋण सीमा विनिर्माण क्षेत्र के लिए 25 लाख रूपये और सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रूपये दिए जाते है। इसके लिए 18 वर्ष या अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति, स्व सहायता समूह, पंजीकृत संस्था, जिन्होने पूर्व में किसी शासकीय योजना में अनुदान का लाभ नही लिया है। वे पात्र होगें। इस योजना में अनुदान राशि शहरी क्षेत्र में सामान्य वर्ग 15 प्रतिशत हैं, वहीं अजा, अजजा, अपिव, अल्पसंख्यक, भूतपूर्वसैनिक, विकलांग, महिला 25 प्रतिशत व ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य वर्ग 25 प्रतिशत, वही अन्य वर्ग के लिए 35 प्रतिशत निर्धारित है। ठीक इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना भी हैं। जहां उद्योग के लिए अधिकतम 25 और सेवा क्षेत्र के लिए दस लाख तक लोन मिलते है।

## पहलवानों ने दुर्ग और भारत के लिए जीते स्वर्ण और रजत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पहला साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन काठमांडू नेपाल में विगत 30 अगस्त से 1 सितंबर 2024 तक आयोजित किया गया। जिसमें मेजबानी नेपाल ने किया। वहीं भूटान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश आदि देशों ने भाग लिया। साथ ही साथ भारत से दुर्ग के सीनियर पहलवान लक्की यादव एवं देवेंद्र कुमार ढीमर और कमलेश यादव इन तीनो खिलाड़ियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम 60 से 64 किलोग्राम में सीनियर वर्ग में लक्की यादव पिता रामू यादव चंडी मंदिर दुर्ग ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही कमलेश यादव पिता मनसा राम यादव कैंप 2 ने 64 किलो वजन ( नोगी ) में रजत पदक प्राप्त किया एवं देवेंद्र कुमार ढीमर पिता प्रकाश ढीमर ने सीनियर वर्ग के 76 किलोग्राम में पुरुष वर्ग के सीनियर में रजत पदक प्राप्त किया। महात्मा गांधी स्कूल के व्यायाम शिक्षिका आरती शुक्ला एवं पूर्व व्यायाम शिक्षक ललित साहू एवं कोच विकास सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। लक्की यादव ने क्वाटर फाइनल मुकाबला में भूटान के पहलवान को 8-2 के अंक से पराजित किया एवं सेमीफाइनल में पाकिस्तान के पहलवान को 10 - 4 के अंक से पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया। साथ ही साथ फाइनल मे श्रीलंका के पहलवान को 10-0 के अंक से प्रभावित कर पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- पहला साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती का आयोजन

खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन में विगत दिनों स्वागत किया गया। तीनो पहलवान दुर्ग के महात्मा गांधी अखाड़े में प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

## आदर्श स्कूल में संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य व व्याख्याता किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बी आर जे शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं व्याख्याता को सम्मानजनक ढंग से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रीमती मिश्रा, श्रीमती रेखीय, डॉक्टर श्रीमती कृष्णा जोशी, एच एस वर्मा, पूर्व प्राचार्य, श्रीमती सुजाता दत्ता, श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा कासलीवाल, अनिल गुप्ता, डी एल चंद्राकर, डी के चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, श्री त्रिपाठी, श्री अली, श्रीमती यादव, श्रीमती आरती दुबे की उपस्थिति में प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती कृष्णा अग्रवाल, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया ।

- कार्यक्रम में गुरुओं का बताया गया महत्व



आमंत्रित सभी गुरुजनों का प्राचार्य एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा शॉल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत और सम्मान किया गया। समारोह में सभी गुरुजनों ने संस्था को सहयोग का आश्वासन देते हुए गुरुओं का महत्व छात्राओं को बताया साथ ही अपने संस्मरण को याद किया गया एवं उदाहरण देते हुए शिक्षकों को भी उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। भूतपूर्व प्राचार्य श्री वर्मा ने भविष्य में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाली छात्रा को डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा भी की। आमंत्रित गुरुजनों द्वारा आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्राओं की बोर्ड फीस के लिए सम्मानित राशि भी संस्था प्रमुख को भेंट की गई। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर गुरुजनों ने पौधे भी रोपे।

## संतोष की अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर कांग्रेस के सक्रिय एवं निष्ठावान कर्मठ कार्यकर्ता संतोष कुमार सोनी को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ का शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष (दुर्ग शहर) नियुक्त किया गया है। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के अनुमोदन व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर कांग्रेस महामंत्री प्रशासन मलकीत सिंह गैदु ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। संतोष कुमार सोनी ने नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष, मोहम्मद सिद्दीकी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे का आभार व्यक्त किया है।

## मंडल स्तर पर भाजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान



दुर्ग। अधिकाधिक संख्या में सदस्य बनाकर जोड़ने अब मंडल स्तर पर भी सार्वजनिक रूप से पंडाल लगाकर अभियान की शुरुआत कर दिया गया है। जिसमे जिला से लेकर स्थानीय पदाधिकारियों के सहयोग करने प्रदेश नेतृत्व द्वारा बड़े नेताओ को भी अतिथि बनाकर भेजा जा रहा है। इसी कड़ी में साजा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू की मौजूदगी में विगत दिनों चंडी शीतला मंडल द्वारा सदस्यता अभियान का आगाज किया गया। चंडी चौक में मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार के अगुवाई में किया किया गया। जिसमे लोगो ने भाजपा का सदस्य बनने बढ़ चढ़ कर शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष व सदस्यता प्रभारी राजेंद्र पाध्ये,सह प्रभारी डॉ. मानसी गुलाटी,जिला मंत्री आशीष निमजे,जिला प्रवक्ता दिनेश देवांगन,सह कोषाध्यक्ष निलेश अग्रवाल,रजनीश श्रीवास्तव वरिष्ठ पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे शंभू पटेल,ज्ञानेश्वर ताम्रकार मंडल सदस्यता प्रभारी गोविंद देवांगन महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सैयद आसिफ अली ने किया व आभार मंडल सदस्यता टोली की सदस्य श्रीमती दिनेश्वरी तुरकर ने किया।




By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### तीज मिलन 15 को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला स्तरीय महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम वर्ष तीज मिलन समारोह मानस भवन दुर्ग स्टेडियम में 15 सितम्बर को आयोजन किया जाएगा। इसमें महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती संतोषी निषाद ने बताया कि सम्मत समाज के 13 परिक्षेत्र तहसील पचगैह गांव के महिलाएं शामिल होंगे। मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## जयंती नगर के लोगों ने सड़क और नाली बनाने की रखी मांग

दुर्ग। मॉर्निंग विजिट शहर विधायक गजेंद्र यादव उरला क्षेत्र के जयंती नगर पहुँचे। यहां वार्ड 16 के प्रमुख सड़क को सीमेंटीकरण कराने और नाली निर्माण की मांग की गई। जिस पर विधायक ने विभाग अधिकारीयों को सड़क का सीमेंटीकरण करने जल्द ही प्राकलन तैयार करने निर्देश दिये। विधायक ने वार्डवासियों के बीच बैठकर वार्ड के मुलभुत समस्याओं की जानकारी ली। नागरिकों ने विधायक गजेंद्र यादव को प्रमुख सड़को का निरिक्षण कराकर बताए की जयंती नगर में धरसा रोड से दुर्ग पब्लिक स्कूल एवं सभी गलियों के रोड की स्थितियां खराब है। इस रोड से प्रतिदिन सैंकड़ो की संख्या में बच्चे रोज स्कूल आते जाते है, सड़क पर कई जगह गड्ढा होने के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कच्चा सड़क होने की वजह से आने जाने में स्कूली बच्चों एवं वार्ड वासियों को अवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां सडक सीमेंटीकरण के आलावा बच्चों के खेलने और एक गार्डन की मांग किये। विधायक श्री यादव ने वार्डवासियो की सभी मांग को पूरा करने आश्वासन दिये। इस दौरान वार्ड पार्षद खिलावन मटियारा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, महिला मोर्चा से मौसमी ताम्रकार, रामग़ुलाल साहू सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है

सफलता की सीढ़ी चढ़ना चाहते है...
भिलाई-दुर्ग शहर
वेतन - 12000 (बारह हजार)
स्वयं का वाहन - 12वीं से स्नातक
आनलाईन आवेदन करें।
cir.haribhoomi@gmail.com
आनलाईन करने की अंतिम तिथि - 07.09.2024 से 09.09.2024 तक
समय - शाम 6 बजे तक आवेदन करें।

## सड़क की हालत खराब और उपर से बिजली भी बंद


# पुलगांव नाला और शिवनाथ ब्रिज से गुजरना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बारिश के बीच शहर के सडको की हालात बेहद खराब हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी पुलगांव नाला के उपर से गुजरना हो गया है। इसके आलावा शिवनाथ नदी पुल भी गड्ढों से भरी है। यहां से गुजरने में वाहन चालकों की धडकने तेज हो रही है। पुलगांव नाले में तो गड्ढों में पानी भर गया है। ऐसे में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

- विभाग के अधिकारियों की उदासीनता

विगत दिनों विधायक गजेन्द्र यादव और कलेक्टर के निर्देश पर पुलगांव नाले में सीमेंटीकरण के जरिए गड्ढे भरे गए थे। लेकिन वर्तमान में सडक की स्थिति जस के तस हो गई है। यहां से गुजरने वाले जिम्मेदारों को जमकर खरी खोटी सुना रहे है। सडक के गड्ढों को भरने कोई प्रयास नही किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी जमीनी स्तर पर पडताल करने की फुर्सत नही है। पुलगांव से नेहरू नगर तक करोडों रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया। लेकिन ठेकेदार द्वारा पुलगाव नाला और शिवनाथ ब्रिज में डामरीकरण ही नही किया गया। जिसका खामियाजा आज जनता को उठाना पड रहा है। शिवनाथ ब्रिज में गड्ढों के कारण वाहन की स्टेयरिंग डगमगाने लगती है, वही पुलगांव नाले में वाहन चालक रोज परेशान हो रहे है।



### स्ट्रीट लाइटों की मानिटरिंग नहीं

विगत दिनों कलेक्टर के फटकार के बाद पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों ने आनन फानन में पटेल चौक से लेकर पुलगांव तक स्ट्रीट लाइट चालू कराई थी। लेकिन वर्तमान में स्थिति वैसी ही है। पुलगांव से आगे अंजोरा ब्रिज तक लाइटे बंद है। इसके आलावा नेहरू नगर तक कभी भी लाइटे बंद हो जाती है। विद्युत यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों दावा किया था कि, लाइट की मानिटरिंग के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन मानिटरिंग नही हो रही है।

### पुलगांव से अंडा तक लाइट लगाने फंड नहीं

पुलगांव मिनीमाता चौक से अंडा तक सडक चौडीकरण किया गया है। लेकिन एक भी बिजली पोल नही लगी है। विगत दिनों हरिभूमि ने इस मामले को प्रकाश में लाया था। जिस पर कलेक्टर के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ने एक विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी थी कि, पुलगांव से अंडा तक बिजली कार्य के लिए राज्य शासन को चार करोड तीस लाख का प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन राज्य स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति नही मिलने के कारण कार्य नही हो सका है।

04



हम साथ-साथ हैं

## सिटी इवेंट

### ट्विनसिटी के उत्कलवासी आज मनाएंगे नुआखाई



**भिलाई।** ट्विनसिटी के उड़िया समाज के लोग आज नुआखाई का त्यौहार मना रहे हैं। त्यौहार को लेकर शहर में पूरी तैयारियां की गई हैं। दुर्ग जिले में 2 लाख से अधिक लोग निवासरत हैं। उत्कल समाज का प्रमुख पर्व है नुआखाई। उत्कल समाज के लोगों के लिए यह पर्व होली, दीपावली तथा नए साल की खुशी से कम नहीं है। यह पर्व कृषि से संबंधित प्रकृति की पूजा है। नया धान अर्थात नए अन्न को विधि-विधान से प्रथम दिन खाने का नाम है नुआखाई। उत्कल समाज के लोग प्रकृति प्रेमी हैं। उत्कल समाज के लोग प्रकृति प्रेमी है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त धान, गुर्जो (एक प्रकार का अन्न) आम, मखना (कुम्हड़ा) आदि के प्रथम खाने वाले दिन को एक उत्सव त्यौहार या पर्व का नाम दिया जाता है। यहां तक की सेमी, महुआ आदि को खाने से पहले उत्कलवासी इसे उत्सव सेमी जात्रा, माहुल जात्रा के रुप में मनाते हैं।

पहले उगा हुआ धान जिसे छेतका धान कहते है यह अल्प समय में पककर तैयार हो जाता है इसलिए इस धान को नुआखाई में पूजा के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह पर्व 3 दिनों तक मनाया जाने वाला पर्व है।

**प्रथम दिन :- गणेश चतुर्थी:.** घर के प्रमुख बड़े बुजुर्ग उपवास रखते हैं। ये अपने घर,परिवार, कुल के दवी देवताओं और पितरों को आह्वान करते हैं। सुख शांति एवं समृद्धि के लिए उपवास रखकर पूजा अर्चना करते हैं। आने वाला समय मंगलकारी हो इसकी कामना करते हैं।

**द्वितीय दिन : (ऋषि पंचमी):** नुआखाई अर्थात नया अन्न अर्थात धान से चावल, चिवड़ा, इन्हीं से पकवान, अड्सा पीग, भाजा पीग, जोखा (चावल में गुड़ तिल मिलाकर) स्वादिष्ट भोजन तैयार किया जाता है। साथ ही दूध, दही, दीया, नारियल, गुड़, शहद, तिल, गुर्जी कोंटा आदि सामग्री का उपयोग किया जाता है।

**कुरे-पोतर (पत्ता) का विशेष महत्व:** इन दिन नए बर्तनों का प्रयोग किया जाता है। पूजा, प्रसाद व भोजन के लिए एक खास पत्ता कुरे पोतर का उपयोग गिया जाता है।

**नया अन्न प्रसाद ग्रहण::** शुभ मूहुर्त-अमृत योग मं महाप्रभु जी जगन्नाथ, मां समलेश्वरी अन्य देवी देवाताओं, कुल देवी देवताओं एवं अपने पितरों, पूवर्जों की विधि-विधान से पूजा अर्चना करने के बाद नए अन्न से बने प्रसाद व भोजन को कुरे पोवर में भोग लगाया जाता है। तत्तपश्चात परिवार के सदस्य इस अन्न को ग्रहण करते हैं।

**तीसरे दिन : बासी तियासी:** इस दिन को बासी तियासी के दिन के रुप में जाना जाता है। घर के बड़े बुजुर्ग स्नान ध्यान कर जो प्रसाद, नया अन्न एवं सभी चढ़ाई हुई चीजों से भोजन तैयार कर परिवार सहित इसे खाया जाता है।

#### शुभ मुहूर्त:



छत्तीसगढ़ उत्कल समाज के जिलाध्यक्ष वकील तांडी ने बताया कि इस वर्ष यह पर्व 8 सितंबर को मनाया जा रहा है। शुभ मुहूर्त का समय प्रातः 8.30 बजे से 11.30 बजे तक का है।

## लाइव इवेंट

### पत्नियों ने की पति के दीर्घायु की कामना हरितालिका में रखा निर्जला उपवास



**भिलाई।** हरितालिका तीज पर्व प्रेम आस्था भक्ति का पर्व है। तीजा पर्व महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। तीजा का पर्व इस दिन महिलाएं अपने पति सुख, संपत्ति, दीर्घायु कके लिए मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता यह है कि यह तीजा का पर्व माता पार्वती, भगवान भोलेनाथ को पति रूप में मिले थे। इस त्यौहार पर भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस व्रत को रखने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस दिन भगवान शिव की लिंग बनाकर पूजा की जाती है। फुलौरा से विशेष श्रृंगार करके सजाया जाता है। गेंहू का जंवारा फिरते हैं, उसके बीच में रेती शिवलिंग बनाकर पूजा करते हैं। शिव-पार्वती की पूजा करते हैं। पांच पेड़ों के पत्ते पूजा के रूप में अर्पण करते हैं। माता गौरी की भी पूजा की जाती है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई।

### भाजपा एक दल नहीं, एक विचार है जिसका ध्येय है राष्ट्र निर्माण: पांडेय




**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल भिलाई द्वारा राष्ट्रीय संगठन पर्व 2024 सदस्य अभियान का शुभारंभ हुडको दुर्गा मंच परी गार्डन में किया गया। इस अवसर पर सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू, सदस्यता प्रभारी प्रमोद सिंह, युवा मोर्चा के पदेश कार्यसमिति प्रभारी मनीष पांडेय, सुनील साहू, संजय दानी सहित अन्य मौजूद थे। खिलावन साहू ने पार्टी के संघर्ष के दिनों को याद किया। मनीष पांडेय ने कहा कि सशक्त भारत, विकसित भारत 2047 के लिए युवा पीढ़ी में सदस्यता अभियान को पहुंचाने और पार्टी की विचाराधारा से सभी सभी वर्गों को जोड़ने यह अभियान है। भाजपा एक दल नही हैं, एक सोच है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है। इस अवसर पर सईदा परवीन, कामिल रॉबर्ट, करण कन्नौजे, ज्योति ठाकुर, श्याम मालेकर, गोल्डी सोनी, बी पदमनाभन, दिनेश यादव, सविता नाहक आदि उपस्थित थे।

---

**जगह-जगह शोभायात्रा, देर रात तक गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन के बीच गणेशोत्सव प्रारंभ**

# बुद्धि, ज्ञान के देवता और विघ्नहर्ता भगवान गणेश विराजे आज से 10 दिनों तक पंडालों और घरों में देंगे दर्शन

बुद्धि, ज्ञान और विघ्न विनाशक के रूप में पूजे जाने वाले भगवान गणेश शनिवार को गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े, डीजे की धुन और आतिशबाजी के बीच विराज गए। गणेशोत्सव को लेकर पूरे दिन जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। एक अनुमान के मुताबिक दुर्ग, भिलाई और ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार से ज्यादा जगहों पर इस बार गणपति विराजमान हुए हैं। हिंदू धर्म में हर साल भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। यह उत्सव अनंत चतुर्दशी तक चलता है। इस बार भी आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गणेश पंडालों में विशेष साज-सज्जा की गई है। 7 सितंबर शनिवार से 17 सितंबर मंगलवार तक पूरे 10 दिनों तक गणेशोत्सव की धूम रहेगी।



**भिलाई।** गणेशोत्सव के स्वागत को लेकर ट्विनसिटी में खासी धूम ररही। भक्तों ने अपने अराध्य देव के स्वागत में कहीं कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। शहर के मंदिरों और बाजारों में गणपति उत्सव के दरबार सजा गया है। प्रतिमाएं मंदिरों, घरों और पंडालों में स्थापित की गई हैं। शहर के मुख्य जगहों पर सेक्टर-2, सेक्टर-1, सेक्टर-10, हुडको, खुर्सीपार, सुपेला, वैशालीनगर, नेहरूनगर, हाउसिंग बोर्ड, कैलाश नगर, कुरुद, पावर हाउस, बालाजी नगर, रिसाली में बड़ी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। दुर्ग में सत्ती चौरा, गंजपारा, चंडी मंदिर, पोलसाय पारा, अग्रसेन चौक, सिंधी कॉलोनी, आदर्श नगर चौक, एलआईसी ऑफिस के सामने, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गणेशोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा भजन-कीर्तन का भी आयोजन प्रस्तावित किया गया है।






### किंग-कांग की झांकी आकर्षण का केंद्र

सेक्टर-1 में इस बार किंग-कांग की झांकी बनाई गई है। यह आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा सेक्टर-2 में पर्यावरण के संरक्षण थीम पर गणेश पंडाल की साज-सज्जा की गई है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए भी लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से झांकियां तैयार की गई है। सेक्टर-10 में बीएचयू प्रांगण में बनाया गया काशी विश्वनाथ की झांकी और पुणे के तुलसी बाग की गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। सेक्टर-7 में माया जाल की थीम पर झांकी तैयारी की गई है। हुडको में 60 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसमें प्रमुख बाल गंगाधर तिलक के संदेशों का वर्णन दर्शाया गया है। खुर्सीपार में सर्ववेद मंदिर बनारस की आकर्षक झांकी तैयार की गई है। इस प्रकार इस बार भक्तों के लिए गणेशोत्सव में घूमने के लिए कई गणेश पंडाल हैं।

### गणेश पंडालों में मेले का भी आयोजन



हर बार की तरह भिलाई टाउनशिप के गणेश पंडालों में मेले लगाए गए हैं। खाने-पीने के स्टॉल, झूले, आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकानें लगाई गई है। हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का भी आयोजन प्रस्तावित किया गया है। गणेश समितियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि गणेशोत्सव के पहले दिन ही हल्की बारिश ने उत्साह को फीका कर दिया, लेकिन समितियों की मानें, तो आगामी दिनों में बारिश के आसार कम है। इस वजह से भक्तों की भीड़ उमड़ने की पूरी संभावना बनी हुई है। शहर के प्रमुख गणेश समिति में सेक्टर-2, सेक्टर-1, सेक्टर-10, कैलाशनगर, हाउसिंग बोर्ड जैसी समितियां प्रमुख हैं। जहां बंगाल से कारीगर बुलाकर विशेष साज-सज्जा कराई गई है।

---

## रामदेव कलयुग के भगवान, उन्होंने दीन-दुखियों का दर्द हरा, इसलिए वे महान: श्याम देव



**दुर्ग।** श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति गंजपारा में स्वर्ण जयंती महोत्सव चल रहा है। इस दौरान बाबा रामदेव की कथा में वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथावाचक श्याम देव शास्त्री ने बाबा रामदेव द्वारा दिए गए पर्चों के बारे विस्तार से कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि व्यापारी लाखा बंजारा बैल गाड़ियों में मिश्री भरकर पोखरण की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में उसकी भेंट घोड़े पर रहे भगवान रामदेव से हुई। उन्होंने पूछा गाड़ियों में क्या है, तब लाखा ने कहा बाबा नमक भरा है, तो रामदेव ने कहा जैसी तेरी भावना।

यह कहते ही गाड़ी की सारी मिश्री नमक बन गई। तब लाखा बंजारे को अपने झूठ पर पश्चाताप हुआ, उसने रामदेव से माफी मांगी, तब उन्होंने नमक को मिश्री बना दिया। बोहिता राजसेठ की नाव को समुद्र के तूफान से निकालकर किनारे लगाया। स्वारकिया भगवान रामदेव के सखा थे, उसकी मृत्यु सर्प के डसने से हो गई थी। तब श्री रामदेव ने उसका नाम पुकारा, वह तुरंत ही उठकर बैठ गया। दला सेठ निसंतान था। साधू संतों की सेवा उसका नित्य काम था, भगवान रामदेव की कृपा से उसे पुत्र प्राप्त हुआ, उसने रूढ़िचा में अपने बच्चे के साथ पैदल यात्रा की। रास्ते में उसे लुटेरों ने मार दिया सिर धड़ से अलग कर दिया। भगवान रामदेव की कृपा से पुनः उसका सिर धड़ से जुड़ गया। भगवान रामदेव कलयुग के अवतारी हैं, शेष शैय्या पर विराजमान महाशक्ति विष्णु का अवतार हैं, जिस प्रकार भगवान कृष्ण और राम का अवतार हुए, उसी शक्ति ने कलयुग में अवतार भगवान रामदेव के रूप में लिया था। उन्होंने अंधों को आंखें दी, कोढ़ियों का कोढ़ ठीक किया, लंगड़ों को चलाया।



## मनमोहक पेंटिंग, मूषक भगवान से छिपकर लड्डू खा रहे

**भिलाई।** गणेश चतुर्थी पर प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएसविद्यार्थी ने मनोहारी पेन्टिंग तैयार की है। इसमें उन्होंने छिपकर लड्डू खा रहे मूषक का वर्णन किया है। भगवान गणेश उसे लड्डू खाते हुए देख लेते हैं, फिर भी अंजान बन जाते हैं। ताकि वह निश्छल भाव से उसका रसास्वादन कर सके। चित्रकार ने इसका भावार्थ बताते हुए कहा है कि हमें भी समस्त प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना चाहिए और उनके भोजन के लिए भी व्यवस्था करनी चाहिए। बेज़ुबान जानवरों की दुआएं बड़े काम की होती है।



---

**धर्मसभा गौतम लब्धि फाउंडेशन द्वारा पढ़ाई के लिए दी गई राशि नौकरी मिलते ही लौटाई**

## दान की अपनी महिमा, इससे जुड़ें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने प्रेरित करें : सु मंगल प्रभा



**दुर्ग।** मूर्ति पूजक संघ की साध्वी दर्शन प्रभा ने कहा संत और साध्वी समुदाय का आपसी मिलन होते रहना चाहिए। इससे संघ और समाज में सामाजिक एकता बनी रहती है। हम साध्वी मंडल का आज आध्यात्मिक वातावरण में मिलन हुआ, जो संघ एकता की परिचायक है। हम विचारों के आदान-प्रदान से आप सभी के संदेशों के द्वारा मिलते रहे हैं। इधर सुमंगल प्रभा ने धर्मसभा में कहा कि दान की अपनी महिमा है। इससे हर किसी को जुड़ना और जोड़ना चाहिए।

### दान की महत्ता को उदाहण देकर समझाया

जय आनंद मधुकर रतन भवन की धर्म सभा में साध्वी सु मंगल प्रभा ने दान के महत्व को बताते हुए अनेक रोचक उदाहरण दिए। साध्वी श्री ने कहा कि दान करना एक बहुत बड़ा धर्म है। ऐसा ही कार्य स्वधर्मी सहायता में दुर्ग नगर में गौतम लब्धि फाउंडेशन के माध्यम से संचालित हो रहा है। उन्होंने गौतम लब्धि फाउंडेशन द्वारा संचालित स्वधर्मी सहायता की प्रशंसा करते हुए इस योजना में अधिक से अधिक जुड़ने का आह्वान किया। गौतम लब्धि के कलश जैन समाज के बहुत से घरों में वितरित किए गए हैं। बहुत से घरों तक पहुंचाने की योजना भी स्वधर्म सहायता हेतु एक अनुकरणीय कार्य करेगी।

### फाउंडेशन द्वारा सहयोग की गई राशि लौटाई

गौतम लब्धि फाउंडेशन के नवीन संचेती ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा दुर्ग दिगंबर जैन समाज की बिटिया को पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद दी गई थी। उस बिटिया ने अपनी पढ़ाई पूर्ण कर आज दुर्ग भिलाई क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी में गौतम लब्धि फाउंडेशन के संयोजक सुरेश श्रीश्रीमाल के सहयोग से प्राइवेट कंपनी में कंपनी सेक्रेट्री पद पर कार्यरत है। जैसे ही उसे बिटिया को अपना पहला वेतन प्राप्त हुआ, उस बिटिया ने गौतम लब्धि फाउंडेशन के द्वारा दी गई राशि को लौटाया। बिटिया ने कहा मेरे जैसी हजारों बेटियां जैन समाज में हैं,, उन बेटियों को भी शिक्षा के लिए रुपयों की आवश्यकता है। यह राशि भी उन बेटियों को पढ़ाई में सहयोग आएगी।

### कार्नर न्यूज



**आध्यात्मिक वातावरण में हर्ष और उल्लास के साथ मूर्ति पूजक संघ की साध्वी दर्शन प्रभा, ज्ञान प्रभा और चरित्र प्रभा चतुर्विद् संघ की विशेष उपस्थिति में नवकार भवन से चलकर जय आनंद मधुकर रतन भवन पहुंची। दोनों साध्वी मंडल ने एक दूसरे का अभिनंदन किया। साध्वी शुभ मंगल प्रभा, सुवृद्धि श्रीजी, रजत प्रभा, प्रांजल ने साध्वी समुदाय की अगवानी की। एक पाट पर जैन समाज की अलग-अलग विचारधाराओं अनोखा संगम देखने को मिला। साध्वी सुमंगल प्रभा ने धर्मसभा में कहा कि चातुर्मास के दौरान हमारा मिलना नहीं हुआ, लेकिन हम मन से, वचन से आपस में एक दूसरे से विचारों के आदान-प्रदान से मिलते रहे हैं।**

## सिटी इवेंट

# बीएसपी कर्मियों को सोसाइटी का लाभांश वितरण कल से

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को-आपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 के सदस्य कर्मियों को लाभांश का वितरण सोमवार से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि लाभांश एवं ब्याज का वितरण अवकाश के दिनों को छोड़कर लगातार 29 अक्टूबर तक चलेगा। रोजाना अपराह्न 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक लाभांश वितरण का प्रावधान रखा गया है। निर्धारित तिथि में छूटे सदस्यों को सिर्फ सोमवार को अवसर मिलेगा। शासकीय अवकाश के दिन लाभांश-ब्याज वितरण कार्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि जो सदस्य निर्धारित तिथि में नहीं पहुंच पाएंगे वे नवंबर 2024 से फरवरी 2025 में आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यों को सोसाइटी की पासबुक के साथ अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो एवं अपना बीएसपी का गेटपास लाना होगा। सोसाइटी की ओर से उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, संचालक मंडल सदस्यगण, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी ने सदस्य संख्या के अनुरूप तय किए दिवस पर सदस्यों से सोसाइटी पहुंच कर लाभांश लेने की अपील की है।

## एजुकेशन लाइव

# बच्चों ने दी विविध मनोरंजक प्रस्तुतियां, आर्य को मिला सम्मान



**भिलाई।** शासकीय प्रयास आवासीय शाला दुर्ग में शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर शाला की आर्य कश्यप को डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि हेमंत कुमार सिन्हा सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग तथा आशीष गुप्ता प्रशासनिक अधिकारी प्रयास अध्यक्ष थे। संतोष कुमार महतो, गोगराज विशेष अतिथि थे। विद्यालय की आर्य कश्यप ने दसवीं में 97.33 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया। जिसके लिए आर्या कश्यप को अगासदिया की ओर से डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान प्रदान किया गया था। आर्या कश्यप बलारामपुर के एक गरीब आदिवासी परिवार की बेटी है। शिक्षक दिवस समारोह में अगासदिया के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने संबोधित ने कहा कि यह शासकीय प्रयास विद्यालय और यहाँ के बच्चे छत्तीसगढ़ का यश बढ़ा रहे हैं। शासकीय शाला की व्यवस्था और पढ़ाई अब निजी स्कूलों से होड़ ले रही है। जो सराहनीय है। इसी तरह अन्य बच्चे भी अगले वर्षों में यश अर्जित करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने विविध मंचीय मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी। शाला की व्यवस्थापिका रानू चंद्राकर सहित सभी शिक्षिकाएँ एवं पदाधिकारी सहित विद्यार्थियों ने समारोह में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रयास विद्यालय के बच्चों ने ही किया।

- **शासकीय प्रयास आवासीय शाला दुर्ग में हुआ आयोजन**

## धर्म इवेंट

# एक शाम वैदिक ज्ञान के नाम का आयोजन, भजनों की दी प्रस्तुति



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई द्वारा नेहरू नगर में एक शाम वैदिक ज्ञान के नाम भजन संध्या एवं महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य अंकित शास्त्री ईश्वर सामवेदी जगबंधु शास्त्री ने मंत्र पाठ किया एवं यज्ञ प्रार्थना प्रस्तुत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जीवन में प्रशंसा करने की आदत बनाएं, इससे आपकी उम्र बढ़ जाएगी और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। निंदा करने से उम्र घटती है और स्वास्थ्य कमजोर पड़ता है। कबीर ने भले ही निंदक को पास रखने की बात कही है किंतु साधारण व्यक्ति कोई भी निंदा करने वाले को पास नहीं रखता। ईश्वर की स्तुति को ईश्वर की भक्ति का पहला सोपान माना गया है। स्तुति का अर्थ होता है गीत गाना और प्रशंसा करना। यही जीवन का अभ्यास है अगर आपने किसी की प्रशंसा नहीं की तो आप भी कभी प्रशंसा के पात्र नहीं बनेंगे। प्रशंसा वही करता है जिसके जीवन में रस है। उपनिषदों में परमात्मा को रस से भरा हुआ कहा है। भक्ति प्रसन्नता उल्लास और आनंद का दूसरा नाम है जो हमेशा उड़ते रहते हैं वह ना तो भक्तों के पसंद में होते हैं और न ही भगवान के। आचार्य ने कहा कि जीवन में बूंदी मत बनो, लड्डू बनो। प्रसाद में लड्डू इसीलिए चढ़ाया जाता है क्योंकि बूंदी के छोटे-छोटे कण मिलकर के लड्डू बनते हैं।

### भजन संध्या में जुटे भक्त

भजन संध्या में राम आएंगे, चलो वेदों की ओर, ऋषि दयानंद प्यार जैसे भजनों से सभी भक्ति में लीन हो गए। सुमधुर भक्ति भजनों में यास्मीन खान, बनश्री बिस्वास, मुनमुन नंदा, प्रीति भट्ट, संध्या श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश ने प्रस्तुति दी। इस दौरान सियान सदन में गिरीश चाओजी अध्यक्ष, यतीन्द्र वार्ष्णेय सचिव, अवनी भूषण पुरंग आर्य समाज, ज्योति पुरंग, रवि आर्य, कमलेश आर्य, प्रवीण गुप्ता, मधु गुप्ता परमवीर भल्ला, सुदर्शन बहल, सरोज बहल, सुदर्शन गुप्ता सहित अन्य जन उपस्थित थे।

● सरप्लस बिजली के दाम और क्षमता भी उपभोक्ता आपस में तय करेंगे

# टेक्नोक्रेट्स ने कोडिंग का इस्तेमाल कर डेवलप किया सॉफ्टवेयर, सरप्लस बिजली को बेच सकेंगे

**भिलाई।** घर और कार्यालयों में लगे सोलर पैनल से तैयार हुई सरप्लस बिजली को बेचने के लिए अभी सिर्फ बिजली कंपनी ही एक मात्र जरिया है, लेकिन जल्द ही उपभोक्ता अपनी सोलर एनर्जी आम ग्राहकों को भी बड़ी आसानी से बेच और खरीद सकेगा। इसके लिए टेक्नोक्रेट्स ने ब्लॉक चेन (कोडिंग) का इस्तेमाल कर ऐसा सॉफ्टवेयर टूल डेवलप किया है, जिससे बिजली की खरीदी और बिक्री बेहद आसान हो जाएगी। इसके लिए हर क्षेत्र में लोकल पॉवर ग्रीड बनाए जाएंगे, जिसमें उपभोक्ता जुड़े होंगे। बिजली जरूरत पड़ने पर वे सॉफ्टवेयर टूल में रिक्वेस्ट डालेंगे। इसके बाद सॉफ्टवेयर पॉवर ग्रीड को एक दूसरे से जोड़ देगा। इसका फायदा यह होगा कि सोलर पैनल से बनी बिजली सीएसपीडीएसल के मेन ग्रीड में न जाकर सीधे ग्राहक तक पहुंचेगी। इसमें दोनों ही उपभोक्ता आपसी तालमेल से बिजली के दाम तय करेंगे और इस तरह सोलर एनर्जी का भरपूर इस्तेमाल हो पाएगा। शनिवार को छात्रों ने अपने इस ब्लॉकचेन एनर्जी टूल का डेमो रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज आर-1 में हुए हैक इंडिया हैकाथॉन में पेश किया, जिसे एक्सपर्ट ने सराहा और प्रथम पुरस्कार दिया। यह टूल रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र राज भारद्वाज और साथियों ने मिलकर तैयार किया है, जिसे जल्द ही अमल में लाने काम भी शुरू किए जाएंगे।




### कोडिंग स्किल निखारने खास सॉफ्टवेयर टूल

यह हैकाथॉन अमेरीकी कंप्यूटर सॉफ्टवेयर बेस्ड कम्युनिटी सीशार्प कॉनर्स ने कराया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 26 इंजीनियरिंग कॉलेजों के 538 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस हैकाथॉन में शामिल हुए टेक्नोक्रेट्स ने 24 घंटे कोडिंग कर ब्लॉकचेन कोडिंग पर आधारित सॉफ्टवेयर और टूल तैयार किए। इसका दूसरा पुरस्कार भी रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम स्ट्रो हैट फ्लीट ने जीता। इन्होंने मौजूदा कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए एक ऐसा टूल बनाया है, जिससे पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्रोग्रामिंग सीखने में बड़ी मदद मिलेगी। अभी तक प्रोग्रामिंग के दौरान कंप्यूटर लैब में हर छात्र अकेले कोडिंग करता है, लेकिन इस टूल के जरिए हर दिन की प्रोग्रामिंग क्लास में छात्रों में स्पर्धा कराई जा सकेगी। यह टूल छात्रों को प्रॉब्लम स्टेटमेंट देने के साथ छात्रों की कोडिंग स्किल पर नजर रखेगा। ऐसे छात्र जो कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, उनके खाते में रिवॉर्ड जमा होंगे। कुल मिलाकर कंप्यूटर कोडिंग में छात्रों को दक्ष बनाने के लिए यह एक तरह की स्पर्धा होगी जिससे छात्र कोडिंग में महारत हासिल कर सकेंगे और भविष्य में अच्छे रोजगार के लायक बन सकेंगे।

### अमेरिका से आए निर्णायक

इस हैकाथॉन के निर्णायक के रूप में नेपाल और अमरीका से आए सॉफ्टवेयर डेवलपर्स स्टीफन साइमन, अतुल गुप्ता और हर्षित धीमन ने बताया कि छात्रों के बीच कोडिंग स्किल को बेहतर बनाने के लिए यह कॉम्पीटिशन कराया गया। इसमें विजेता बनी टीमें आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली में होने वाले नेशनल लेवल कॉम्पीटिशन में हिस्सा लेने जाएगी। इसमें विजेता बनने वाली टीम को पुरस्कार के तौर पर कैश रिवॉर्ड मिलेगा, वहीं अमरीकी कंप्यूटर कोडिंग कम्युनिटी से जुड़कर काम करने का मौका मिलेगा। इस हैकाथॉन कार्यक्रम के दौरान संस्था के चेयरमैन संतोष रूंगटा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से छात्र सीखने के साथ-साथ रोजगार के माध्यम भी बना सकेंगे। हैकाथॉन का समन्वयन फैकल्टी डॉ. हूमा खान, डॉ. अजय कुशवाहा, डॉ. तृप्ति शर्मा ने किया। वहीं वॉलेंटियर अमन कुमार, अनुराग श्रीवास्तव, हार्दिक पवार और रमा जायसवाल ने सहयोग किया।

## एचएससीएल में हुआ आयोजन

# नराकास स्तरीय हिंदी प्रश्न प्रतियोगिता में 73 अधिकारियों ने लिया भाग, विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्य समिति (नराकास) द्वारा विभाग स्तरीय हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एचएससीएल में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सचिव सौमिक डे उपस्थित थे। आयोजन में एस के सिन्हा महाप्रबंधक अभियान्त्रिकी, वी के शाह सलाहकार तकनीकी, सुदीपा राय राजभाषा अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा सेक्टर -10 भिलाई, डा. अजय आर्य संस्कृत शिक्षक केंद्रीय विद्यालय दुर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सौमिक डे ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा होने के साथ-साथ हमारी पहचान भी है। हम सबको हिंदी में कार्य करने की कोशिश गर्व के साथ करनी चाहिए। हिंदी दिल से दिल को जोड़ने वाली हमारी भाषा है। वी के शाह ने कहा कि हिंदी में कार्य करना सरल है। हमें इंडिया छोड़ के भारत बोलना शुरू करना चाहिए।

- **हिंदी राष्ट्र भाषा होने के साथ हमारी पहचान भी**
- **हिंदी भाषा में अपनापन**




### अभिव्यक्ति के लिए हिंदी सबसे अच्छा माध्यम

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निर्णायक सुद्दीप राय ने कहा कि हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। डॉ अजय आर्य ने कहा हिंदी भाषा में अपनापन है। जब हमें सहज होना है बिना दिखावे की जिंदगी जीनी है तो अभिव्यक्ति के लिए हिंदी से अच्छा माध्यम नहीं हो सकता। इस भाषा को हम सब किसी न किसी रूप में समझते हैं। कार्यक्रम का संचालन वंदना चौधरी ने किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### इन संस्थाओं के अधिकारियों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र, एनएसपीसीएल भिलाई, आयकर विभाग एफएसएनएल, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक , भारतीय डाक विभाग, सेक्टर 10 स्कूल, एस आर यू भिलाई, सशस्त्र सीमा बल, बैंक ऑफ बड़ौदा, आयकर विभाग, सेट उपकेन्द्र के अधिकरियों ने भाग लिया।

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम संजय सपाटे बीएसपी ,द्वितीय अर्पित झा एनएसपीसीएल, तृतीय ग्लोरी पारकर सेक्टर -9 हॉस्पिटल, सांत्वना-मनीष, रविकान्त सोनी ,सुनील कुमार, त्रिवेंद्र देवांगन, सूरज प्रताप को दिया गया।

## पहल

# बच्चों को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** बच्चों की सृजनात्मक लेखन कौशल को विकसित कर सार्वजनिक रुप से सम्मानित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरोदा भिलाई-दुर्ग में सेजस वॉल मैंग्जिन का प्रकाशन प्रारंभ किया गया है। समग्र शिक्षा के उपसंचालक डॉ. एम. सुधीश व प्रधान पाठक राम कुमार वर्मा द्वारा कई वर्षो से प्रारंभिक शालाओं में प्रारंभ किए गए वॉल पेपर को राज्य स्तर पर लागू करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली तथा राज्य स्तर से पुरस्कृत और चिन्हित वॉल पेपर के प्रशासन को छत्तीसगढ़ के बच्चों की लेखन गतिविधियों से जोड़ते हुए उनके मौलिक विचारों को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। सेजस मैंग्जिन चरोदा अंक एक के प्रकाशन में योगिनी, आरुषि, जया, हर्ष, रेहान, नंदिनी, तनुजा, गुणाश्री, चैतन्य, रौनक, युग, जयंत, तेजस ने बाल संवाददाता व शिक्षक मो.इदरिश हुसैन, शिबतेन शेख, मयूरी फड़के आदि ने सहयोगी संपादक के रुप में सहयोग किया। इस दौरान बच्चों ने प्रतिभा का परिचय देते हुए सभी गतिविधियों में भाग लिया। चार्ट व वॉल मैंग्जिन में अपने विचारों को प्रगट किया। इस कार्यक्रम बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी सृजनात्मक कार्यों व प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**सेजस वॉल मैंग्जिन का प्रकाशन**

## केंद्रीय विद्यालय में हुए रंगारंग कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने किया शिक्षकों को सम्मानित

# शिक्षकों ने छात्रों की भूमिका निभाते हुए कुर्सी दौड़ में मारी बाजी, स्कूल के दिनों को किया याद, दी रंगारंग प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में टीचर्स डे के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों की भूमिका और छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रार्थना सभा में रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को श्रीफल एवं लेखनी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की द्वितीय चरण में रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरु हुई। जिसमें छात्रों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम का संचालन उदित जयप्रकाश रिचा हर्षिता एवं नीलिमा ने किया।




### बच्चों को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्याध्यापक कमल सोनी ने कहा कि इस आयोजन में विद्यार्थियों ने काफी मेहनत की है, जब कोई काम दिल से किया जाता है तो वह अच्छा और सफल होता है। एमके बोरकर ने बच्चों को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। डॉ अजय आर्य ने कहा ने कहा कि आज बच्चे बड़े हो गए और हम छोटे हो गए। बड़े होने के बाद बचपन में लौटने का आनंद अलग ही होता है। कार्यक्रम मैं उप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने बच्चों को आशीर्वाद हुए कहा कि जीवन में सफलता अनुशासन के बिना नहीं मिल सकती।

### शिक्षकों ने खेले गेम्स, यादें की ताजा

शिक्षकों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम राजेश चंद्राकर, द्वीतीय एस के भदोरिया और तृतीय विकास यादव रहे। शिक्षिकाओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में समीक्षा प्रथम, द्वीतीय मधु थपलियाल और तीसरे स्थान पर गीता माली रही। मोशू और तुषार ठाकुर ने अपनी 12वीं तक की यात्रा के साथ स्कूल की खट्टी मीठी यादों को साझा किया। श्रेय जूलियास, स्वप्निल, लिशा, ओम, माली, चेतना, तिया, श्रायन, हिमांशु, भावेश, शुभांगी, बिपाशा, उदय, नंद नीतिका, अयाद, दामिनी ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## विनोना राइडर-कीनू रीव्स की 'ड्रैकुला' के सेट पर हुई मुलाकात पर उठे सवाल



कीनू रीव्स और विनोना राइडर दोनों ही बेहतरीन हॉलीवुड एक्टर्स हैं। दोनों ने फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की फिल्म 'ब्रैम स्टोकर ड्रैकुला' में साथ काम किया था। फिल्म में एक शादी का सीन था, जिसके दौरान दोनों अभिनेताओं में से एक को भी इसका एहसास नहीं हुआ कि यह समारोह बिल्कुल असली था। उनका मानना है कि दोनों की शादी 1992 में ही इस फिल्म के दौरान हो गई थी। 1992 में आई ब्रैम स्टोकर की फिल्म 'ड्रैकुला' ने जमकर सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म का फिल्मांकन और अभिनेताओं का अभिनय बेहद शानदार था। इस फिल्म में कीनू रीव्स और विनोना राइडर ने बेहतरीन अभिनय किया था। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'ड्रैकुला' के सेट पर शूटिंग के एक सीन के दौरान असल में हो गई थी कीनू रीव्स और विनोना राइडर की शादी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान विनोना राइडर ने खुलासा किया कि वह और कीनू रीव्स अपने टेक्स्ट संदेशों में एक-दूसरे को पति और पत्नी कहते हैं, जबकि फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की ₹ड्रैकुला₹ के सेट पर शायद उनकी असली शादी हुई थी। दोनों अभिनेताओं ने 1992 की गॉथिक हॉरर फिल्म में जोनाथन और मीना हार्कर की भूमिका निभाई थी, और उन्होंने अपनी रोमांटिक-कॉमेडी ₹डेस्टिनेशन वेडिंग₹ के लिए 2018 के प्रेस टूर के दौरान खुलासा किया कि उनके ₹ड्रैकुला₹ विवाह सीन के फिल्मांकन के दौरान असली पुजारियों का इस्तेमाल किया गया था। उस हिसाब से राइडर और रीव्स पति-पत्नी हो सकते हैं और तब से वे इसे लेकर खुश हैं और अक्सर टेक्स मैसेज में एक-दूसरे को पति-पत्नी कहकर संबोधित करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राइडर ने रीव्स के साथ अपने काम करने के अनुभव को साझा करते कहा, ₹वह (रीव्स) बहुत खास हैं₹ आगे राइडर ने कहा, ₹हम हमेशा बताते हैं कि वह कौन है।

### टॉलीवुड

## एएनआर को याद करने देश भर में मनाएंगे जन्मशताब्दी



तेलुगु सिनेमा के नट सम्राट और महान अभिनेता अक्किनेनी नागेश्वर राव की 100वीं जयंती को पूरा देश मनाएगा। इस अवसर पर मल्टी-सिटी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। अक्किनेनी नागेश्वर राव की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'एएनआर 100 - किंग ऑफ द सिल्वर स्क्रीन' नामक क्यूरेटेड फिल्म महोत्सव का आयोजन 25 शहरों में किया जाएगा। यह महोत्सव 20 से 22 सितंबर तक चलेगा। इस फिल्म फेस्टिवल को प्रॉफिटेबल ऑर्गेनाइजेशन फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन (एफएचएफ) के जरिए आयोजित किया जाएगा। इसमें अक्किनेनी नागेश्वर राव की शानदार और यादगार फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। महान अभिनेता की व्यापक फिल्मोग्राफी से 10 क्लासिक फिल्मों को मूवी गाला के लिए चुना गया है। इनमें 'देवदासु' (1953), 'मिसम्मा' (1955), 'मायाबाजार' (1957), 'भार्या भरथलु' (1961), 'गुंडम्मा कथा' जैसी प्रतिष्ठित फिल्मों के साथ '(1962), 'डॉक्टर चक्रवर्ती' (1964), 'सुदिगुंडलु' (1968), 'प्रेम नगर' (1971), 'प्रेमाभिषेकम' (1981), और 'मनम' (2014) भी शामिल हैं। फिल्म निर्माता और एफएचएफ निदेशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने अक्किनेनी नागेश्वर राव की जयंती को यादगार बनाने को लेकर कहा, 'इस क्लासिक फिल्मों के चयन में उनकी कुछ सबसे बड़ी हिट शामिल हैं जो लोगों को एक अभिनेता के रूप में उनकी उल्लेखनीय रेंज को देखने का मौका देंगी और क्यों ये फिल्में बनने के दशकों बाद भी लोगों के बीच चर्चित रही हैं इसका भी खुलासा करेंगी।' अक्किनेनी नागेश्वर राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपने 71 साल के करियर में 250 से अधिक फिल्मों में काम किया।

### भोजपुरी

## तीनों बहुओं के झगड़े से सास का बुरा हाल, फिर पतियों ने संभाली कमान



भोजपुरी सिनेमा की पारिवारिक फिल्म 'झगड़ा गोतिन गोतिन के' का ट्रेलर 3 सितंबर को रिलीज कर दिया गया। यह ट्रेलर 'इंटर 10 रंगीला' के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज के साथ ही वायरल हो रहा है। इसमें दिखाए गए फैमिली सीन और डायलॉग्स ने दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह और प्रतीक सिंह है। फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के फेमस कलाकार गौरव झा, रितु सिंह, जय यादव, शालू सिंह, रितेश उपाध्याय, अपर्णा मलिक, कंचन मिश्रा जे, नीलम, रिंकू आयुषी और अशोक गुप्ता नजर आएंगे। फिल्म 'झगड़ा गोतिन गोतिन के' को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक स्पेशल गिफ्ट है। प्रदीप सिंह ने कहा, 'हमने इस फिल्म को पूरी तरह से पारिवारिक मनोरंजन के रूप में तैयार किया है, जिसे बच्चे से लेकर बूढ़े तक देख सकेंगे। फिल्म की कहानी ग्रामीण बैकग्राउंड पर बेस्ड है, जो दर्शकों को न सिर्फ एंटरटेन करेगी, बल्कि सामाजिक संदेश भी देगी। हमारी टीम ने फिल्म की क्वालिटी और कहानी ककपर खास ध्यान दिया है, ताकि दर्शकों को एक शानदार सिनेमा का अनुभ मिल सके। हमें पूरा विश्वास है कि 'झगड़ा गोतिन गोतिन के' दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाएगी।'

लाइफ स्टाइल



हम साथ-साथ हैं

फैशन परेड आम तौर पर मॉडल्स के नाम होती है। महिला या पुरुष मॉडल मशहूर डिजाइनरों के कलेक्शन पेश करते रहे है। लेकिन पेरिस फैशन वीक में पिछले सप्ताह ऐसा मौका आया जब मॉडल्स ने बच्चों के साथ खुद को पेश किया। हालांकि आइडिया बुरा नहीं था। इसलिए इसे दर्शकों ने भी सराहा।

## धूप से काले हो गए हैं हाथ-पैर, तो आजमाएं ये नुस्खे

धूप की तेज किरणें हमारी स्किन पर टैनिंग कर देती है। स्किन के इवन टोन के लिए हम अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे भी कोई फायदा नहीं होता है। ऐसे में आपको ट्राई करने चाहिए घरेलू तरीके। इसके इस्तेमाल से आप अपनी स्किन टोन को इवन कर सकती हैं।

### टैनिंग हटाने के लिए करें एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

तेज धूप की वजह से अक्सर हमारी स्किन डल और डार्क नजर आती है। ऐसे में आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करके टैनिंग से बचा सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं जो स्किन को इवन टोन करने में मदद करते हैं। ऐसे में आपको इसका इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इसके लिए आपको एक कटोरी में एलोवेरा जेल लेना है। फिर इसे अपने हाथों और पैरों में अप्लाई करना है। इसके बाद 20-30 मिनट के लिए लगा छोड़ देना है। फिर कपड़े की मदद से हाथों और पैरों को साफ कर लेना है। इससे आपकी टैनिंग की समस्या दूर हो जाएगी। साथ ही स्किन इवन नजर आएगी।
टैनिंग हटाने के लिए करें खीरे का इस्तेमाल

कई सारी ऐसी चीजें हैं जो घर पर मौजूद होती हैं लेकिन हमें नहीं पता होता कि उससे क्या फायदा होगा और हम इसका इस्तेमाल कैसे करें। इसके लिए आपको सबसे पहले एक खीरे (टैनिंग के घरेलू उपाय) को पीसना है फिर इसका पेस्ट तैयार करना है। फिर इसे अपने पैर और हाथों पर लगाना है। अब इसे 20-30 मिनट के लिए लगाए रखना है। फिर पानी से साफ कर देना है। इससे आपकी स्किन की



टैनिंग कम हो जाएगी।

### इन बातों का रखें ध्यान

जब भी आप इन घरेलू नुस्खों (चेहरे की टैनिंग के लिए नुस्खे) को ट्राई करें तो बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। स्किन का ध्यान रखकर ही इन नुस्खों को ट्राई करें। जिस भी नुस्खे को तैयार करें सामग्री का ध्यान रखें। इन तरीकों को अपनाने से पूर्व आपको स्किन पैच टेस्ट जरूर करना है। सबकी त्वचा अलग होती है।

## उत्सव के लिए खास सूट डिजाइंस आपके लिए, लोग करेंगे तारीफ



फैशन

रोजाना के लिए हम सलवार-सूट पहनना पसंद करते हैं। वहीं त्यौहार के दिन अक्सर हम एथनिक वियर को स्टाइल करते हैं। इसके कई डिजाइन और पैटर्न आपको ऑनलाइन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप सेलिब्रिटीज की तरह स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो खास डिजाइन आपके लिए है।

### निऑन कलर सूट

निऑन कलर को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। इस हैवी सूट को डिजाइनर तुलपलव द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बालों के लिए मेसी लुक पोनीटेल हेयर स्टाइल बना सकती हैं। मेकअप के लिए ब्लश पिंक कलर का चुनाव करें।



### नायरा कट सूट

आजकल नायरा कट सूट डिजाइन फैशन में नजर आ रहा है। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें। साथ ही हैवी झुमकी इयररिंग्स को पहनकर लुक को कम्प्लीट करें।

### पेप्लम स्टाइल सूट

कुछ अलग डिजाइन का सूट पहनना चाहती हैं तो इस तरह का पेप्लम कुर्ती के साथ शरारा सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस शरारा सूट को डिजाइनर गोपी वैद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको लगभग 1200 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें। वहीं इस तरह का सूट बनवाने के लिए आप घर पर रखी पुरानी साड़ी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### चिकनकारी फ्रॉक सूट

यह चिकनकारी फ्रॉक सूट भी आप त्यौहारों के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट में बेहद ही सुंदर चिकनकारी वर्क किया हुआ है साथ ही ये सूट लाइम कलर में है।

## प्रेग्नेंसी के बाद स्ट्रेच मार्क्स से हैं परेशान एलोवेरा जेल का इस तरह करें इस्तेमाल

प्रेग्नेंसी के दौरान कई तरह की समस्याएं होती हैं। खासतौर पर त्वचा पर खुजली होने के कारण निशान पड़ने लगते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं के पेट पर बेहद खुजली होती है, जिसके कारण स्ट्रेच मार्क्स पड़ जाते हैं। स्ट्रेच मार्क्स के कारण महिलाएं अनकंफर्टेबल फील करती हैं। स्ट्रेच मार्क्स के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल स्किन और बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इस जेल का उपयोग फेस वॉश से लेकर क्रीम तक के रूप में किया जा सकता है।

### जानें क्या कहती है रिसर्च ?

एनसीबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि एलोवेरा त्वचा संबंधी कई तरह की समस्याओं से निपटने में मददगार है। इनमें झुर्रियां, रिंकल और पिगमेंटेशन जैसी परेशानियां शामिल हैं। एलोवेरा जेल की मदद से चोट भी ठीक हो सकती है।

### प्रेग्नेंसी के दौरान स्ट्रेच मार्क्स क्यों होते हैं?

प्रेग्नेंसी के दौरान पेट पर ड्राईनेस होने के



कारण खुजली होने लगती है। बार-बार खुजली करने से स्ट्रेच मार्क्स पड़ने लगते हैं।प्रेग्नेंसी में पेट बढ़ने लगता है, जिससे खिंचाव होता है। इसकी वजह से स्ट्रेच मार्क्स होने लगते हैं।

### क्या एलोवेरा स्ट्रेच मार्क हटा सकता है?

एलोवेरा जेल के उपयोग से आप स्ट्रेच मार्क्स हटा सकती हैं। इसके लिए आपको जेल के अलावा विटामिन ई कैप्सूल चाहिए होगी। 2-3 चम्मच एलोवेरा जेल में दो विटामिन ई कैप्सूल तोड़कर डालें।

## सिर के फंगल इंफेक्शन को दूर करने के नुस्खे

वैसे तो बारिश अपने साथ काफी राहत लेकर आती है, लेकिन ज्यादा बारिश की वजह से लोग काफी परेशान होते हैं। जिस तरह से बारिश के मौसम में त्वचा पर रैशेज और खुजली की समस्या पैदा हो जाती है, ठीक उसी तरह से बालों में भी तमाम परेशानियां होने लगती हैं।

दरअसल, इस मौसम में लोग न चाहते हुए भी बारिश के पानी में भीग जाते है, जिसकी वजह से सिर पर गंदगी जमा होने लगती है। सिर पर लगातार जमा गंदगी और लगातार जमती नमी की वजह से फंगल इंफेक्शन होने का खतरा मंडराने लगता है।

अगर बारिश की वजह से आपके सिर में भी फंगल इंफेक्शन हो रहा है तो कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। यहां आपको फंगल इंफेक्शन से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू नुस्खे बताए जा रहे हैं। हालांकि, यदि समस्या बढ़ रही हो या लंबे समय तक बनी रहे, तो डॉक्टर से सलाह लेना ही जरूरी हो जाता है।

**टी ट्री ऑयल :** फंगल इंफेक्शन से राहत दिलाने में टी ट्री ऑयल आपकी मदद कर सकता है। दरअसल, इसमें एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो फंगल इंफेक्शन को ठीक करते हैं। इसके लिए कुछ बूंद टी ट्री ऑयल को नारियल तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं और कुछ घंटों के लिए छोड़ दें, फिर हल्के शैम्पू से धो लें। ध्यान रखें कि इसे कभी भी सीधे बालों पर न लगाएं।

**सेब का सिरका :** अगर आपके पास सेब का सिरका उपलब्ध है तो सेब का सिरका और पानी को बराबर मात्रा में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं और 15-20 मिनट के बाद धो लें। ये मिश्रण स्कैल्प का पीएच बैलेंस करता है और फंगल इंफेक्शन को रोकता है।

**नीम की पत्तियां:** नीम में प्राकृतिक एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।




कार्नर न्यूज

### सफाई के लिए जरूरी है नहाना, लेकिन कुछ बातों का रखें ध्यान

*मौसम चाहे कोई सा भी हो, नहाने से ही शरीर फ्रेश महसूस करता है। खासतौर पर अब जब गर्मी और बारिश का मौसम चल रहा है, तो इस मौसम में उमस की वजह से लोग दो-दो बार नहाना पसंद करते हैं। सुबह नहाने से पूरा दिन तरोताजा रहते हैं, वहीं शाम के वक्त नहाने से नींद काफी अच्छी आती है। बहुत से लोग तो नहाने में काफी समय लगा देते हैं।*

## त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है देर तक नहाना, जानें इसके नुकसान



अगर आप भी हर रोज काफी-काफी देर तक नहाते हैं तो आपको संभलने की जरूरत है। दरअसल, ज्यादा देर तक नहाने से आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बहुत से लोगों को ज्यादा नहाने से होने के नुकसान के बारे में पता ही नहीं होता है। ऐसे में यहां हम आपको देर तक नहाने से त्वचा को होने वाले नुकसानों के बारे में बताएंगे, ताकि आप भी इन परेशानियों से अपनी त्वचा को बचा कर रख सकें।

### त्वचा की नमी को नुकसान

ज्यादा देर तक नहाने से त्वचा की प्राकृतिक नमी कम हो सकती है और जब त्वचा की नमी में कमी आती है तो इसकी वजह से त्वचा सूखी और फटी हुई होने लगती है।


### खुजली की समस्या

अगर आप देर तक नहाते हैं तो आपको संभलने की जरूरत है। देर तक नहाने से त्वचा की सूखापन आ जाता है, जिस वजह से शरीर पर खुजली की समस्या बढ़ सकती है। कई बार तो

### बढ़ेगी जलन

नहाते वक्त साबुन या बॉडी वॉश का इस्तेमाल किया जाता है। जबकि साबुन और बॉडी वॉश का लंबे समय तक उपयोग करने से त्वचा में जलन और एलर्जी हो सकती है। ऐसे में जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील है, उनको तो खासतौर पर ज्यादा नहाने से बचना चाहिए।

### होती हैं झुर्रियां



पानी में अधिक समय बिताने से त्वचा पर झुर्रियां पड़ सकती हैं। ये परेशानी खासकर हाथों और पैरों की त्वचा पर दिखाई देती है। ऐसे में कोशिश करें कि कम से कम समय में नहा लें।

### नाखून होते हैं कमजोर

पानी में ज्यादा देर तक नाखून रहने की वजह से कमजोर होने लगते हैं। जिस वजह से ये अचानक ही टूटने भी लगते हैं। अगर आप भी इस परेशानी से बचना चाहते हैं, तो नहाने में कम से कम समय लगाएं।